Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 243 गुरूवार ,07 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जिसको प्रत्येक प्रकार का ज्ञान प्राप्त करने का जोश होता है,जिसको सदा जानने की इच्छा बनी रहती है,और जो बिना जाने कभी संतुष्ट नहीं होता,वही सच्चा दार्शनिक है।
-सुकरात-

## राहुल गांधी के वीडियो को गलत संदर्भ में दिखाने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट,टीवी एंकर रोहित रंजन ने लगाई यह गुहार

**नई दिल्ली, 06 जुलाई 2022।** टीवी एंकर रोहित रंजन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से संबंधित वीडियो के गलत संदर्भ में चलाए जाने के मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। रोहित रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। इसके साथ ही इस मामले में देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज एफआइआर को रद करने या सभी एफआइआर को एक साथ संलग्न कर एक जगह सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने की मांग की है।



सुप्रीम कोर्ट रोहित रंजन की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। यह इसलिए भी रोचक होगा क्योंकि कुछ दिन पहले ही नुपुर शर्मा की ओर से दर्ज ऐसी ही याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उसे वापस हाईकोर्ट भेज दिया था। बुधवार को वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और जेके महेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष रोहित रंजन की याचिका का जिक्र करते हुए मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की।

लूथरा ने कहा कि याचिकाकर्ता पत्रकार है टीवी एंकर है जिसने गलती से शो में एक खबर चला दी थी जिसके लिए उसने माफी भी मांग ली और वह खबर हटा दी गई थी लेकिन इस मामले में देश के विभिन्न हिस्सों में उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई हैं। यूपी पुलिस ने गत मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया था और बाद में जमानत पर छोड़ दिया था क्योंकि अपराध जमानती था लेकिन अब छत्तीसगढ़ पुलिस उसे गिरफ्तार करना चाहती है।

देश के विभिन्न हिस्सों में दर्ज एफआइआर के कारण विभिन्न राज्यों की पुलिस उसका पीछा कर रही है।कहा मामले पर जल्द सुनवाई की जाए क्योंकि उसे अलग अलग जगह की पुलिस की गिरफ्तारी का खतरा है। पीठ ने अनुरोध स्वीकार करते हुए आदेश में कहा कि अगर याचिका की तकनीकी खामियां दूर कर ली जाती हैं तो मामला 7 जुलाई को सुनवाई के लिए लगाया जाए।

## बिजली परियोजना को लेकर देश में 17 ठिकानों पर छापे,पूर्व राज्यपाल मलिक ने उठाया था रिश्वत का मुद्दा

**नई दिल्ली , 06 जुलाई 2022।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक बिजली परियोजना से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई ने आज देशभर में 17 स्थानों पर छापे मारे। यह मामला पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उठाया था। किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लि. के सिविल वर्क का ठेका देने में कथित तौर पर रिश्वतखोरी की गई थी।



सीबीआई इस मामले में आज श्रीनगर में दो जगह, जम्मू में पांच, दिल्ली में पांच, मुंबई में तीन और बिहार के पटना-दरभंगा में जांच कर रही है। ये 17 ठिकाने बिचौलियों व प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों के बताए गए हैं। इस दौरान आईएएस नवीन कुमार चौधरी के सहयोगी के परिसर की भी तलाशी ली गई। इस दौरान डिजिटल साक्ष्य सहित आपत्तिजनक दस्तावेज एकत्र किए गए। तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि इसकी मंजूरी के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की पेशकश की गई थी।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान उसे आरोपी सरकारी अफसरों के कुछ संदिग्ध लेन-देन का पता चला था। इनमें चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लि. के तत्कालीन चेयरमेन नवीन कुमार चौधरी के लेन-देन भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि जांच एजेंसी मुंबई में पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रूपेन पटेल, विजय गुप्ता और अमरेंद्र कुमार सिंह के परिसरों की तलाशी ले रही है।

अप्रैल में सीबीआई ने इस मामले में दो केस दर्ज किए थे। जांच एजेंसी ने तब छह राज्यों में छापेमारी की थी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर दो प्राथमिकी दर्ज की थी। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक जनसभा में आरोप लगाया था कि उन्हें जम्मू कश्मीर की दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। ये फाइलें राज्य में किरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित सरकारी कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा योजना से संबंधित थीं।

## कोल इंडिया में हड़ताल टालने में जुटी सरकार,वेतन वृद्धि की मांग को लेकर स्ट्राइक पर जाने की कर्मचारियों की है धमकी



**नई दिल्ली, 06 जुलाई 2022।** मानसून के कारण ताप बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति बरकरार रखने की कोशिशों के बीच कोल इंडिया लिमिटेड (छ्हृरु) के कर्मचारियों के एक बड़े यूनियन के हड़ताल पर जाने की धमकी ने सरकार को सतर्क कर दिया है। पिछले हफ्ते कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ कंपनी प्रबंधन की बातचीत बेनतीजा रही है। इस सरकारी कंपनी के नान-एक्जीक्यूटिव कर्मचारियों के संगठन की तरफ से केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखा गया था है कि वो हस्तक्षेप कर शीघ्रता से मामले का निपटान करवायें अन्यथा वो हड़ताल पर भी जा सकते हैं। कोयला मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कोल इंडिया को कहा है कि इस बारे में जल्द फैसला करे।

कोल इंडिया के कर्मचारियों की तरफ से वेतन-भत्ते में 47 फीसद की वृद्धि की मांग हो रही है। जबकि कोल इंडिया प्रबंधन इससे काफी कम वृद्धि देने की बात कर रहा है। कोयला मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के साथ बातचीत कर रहा है और कोशिश यह है कि इस बारे में बातचीत शीघ्रता से समाप्त हो।

देश में कोयला उद्योग की अभी अहमियत को देखते हुए कंपनी प्रबंधन और कर्मचारियों के संगठन के बीच सद्भावनापूर्ण रिश्ता बेहतर जरूरी है। यह भी बताया गया है कि सिर्फ कोल इंडिया ही ऐसी कंपनी है जिसने पूर्व में तीन बार अपने श्रमिक संगठनों के साथ किये गये वेतन समझौते को सफलतापूर्वक लागू किया है। कोल इंडिया की तरफ से भी बताया गया है कि वह अपने कर्मचारियों के साथ किसी तरह का मतभेद नहीं चाहती है और कोशिश है कि उनके साथ वेतन समझौते पर सहमति बनाते हुए फैसला हो।

## उत्तराखंड बारिशःटिहरी में एक व्यक्ति की मौत,बदरीनाथ राजमार्ग भूस्खलन से अवरूद्ध

**देहरादून, 06 जुलाई 2022।** उत्तराखंड में बुधवार को भी कई जगह भारी बारिश होने से भूस्खलन की घटनाएं हुईं जिनमें टिहरी जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि रूद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोबगड के निकट अवरूद्ध हो गया। टिहरी जिले में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन के दौरान पहाडी से गिरे पत्थरों की चपेट में एक कार आ गयी जिससे उसमें सवार एक नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए।



नई टिहरी में अधिकारियों ने बताया कि हादसा टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक में अलगड-थत्यूड मोटर मार्ग पर करीब 10 बजे हुआ जब नव निर्वाचित ग्राम प्रधान प्रताप सिंह (50) तीन अन्य व्यक्तियों के साथ ततोर गांव के ग्राम प्रधान पद की शपथ लेने के लिए थत्यूड जा रहे थे। उधर, श्रीनगर और रूद्रप्रयाग के बीच सिरोबगड के ? न ज दी क भूस्खलन होने से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह परिहार ने बताया कि राजमार्ग से मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है जबकि यातायात का मार्ग परिवर्तित किया गया है। देहरादून समेत उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर बुधवार को भी भारी बारिश हुई। उत्तरकाशी में 44.5 मिमी बारिश हुई जबकि बागेश्वर में 32.3 मिमी और देहरादून में 21.5 मिमी बारिश दर्ज की गयी।

## फारूक अब्दुल्ला ने किया तिरंगे का अपमान

**जम्मू, , 06 जुलाई 2022।** पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख डा फारूक अब्दुल्ला ने तिरंगे का अपमान किया है।



उन्होंने कहा कि इसे आप अपने घरों में ही रखें। यहां यह बता दें कि डा फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इसे अपने घरों में ही रखें। भाजपा ने वर्ष 2024 के लोकसभा के चुनावों को मद्देनजर रखते हुए व भारत की आजाद के अमृत महोत्सव के अंतर्गत गत शनिवार को कई नई गतिविधियों की घोषणा की थी। इसमें देश के लोगों को एकजुट करने, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने व हर घर तिरंगा कार्यक्रम शामिल हैं। केंद्र सरकार का हर घर तिरंगा का अभियान भारतीय स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को चिन्हित करने के लिए 11 से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगे फहराने का कार्यक्रम है।

## 'अग्निपथ' के तहत वायुसेना में रेकॉर्ड तोड़ आवेदन,कभी नहीं भरे गए इतने फॉर्म

**नई दिल्ली, 06 जुलाई 2022।** सरकार की अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना में भर्ती के लिए लगभग 7.5 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रजिस्ट्रेशन प्रॉसेस खत्म हो गया है। इस बार रेकॉर्ड तोड़ आवदेन आए हैं। रक्षा मंत्रालय के प्रधान प्रवक्ता भूषण बाबू ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। वायुसेना ने कहा कि इतने अभ्यर्थियों ने किसी भी भर्ती में आवेदन नहीं किया।



बता दें कि कोरोना की वजह से दो साल से एयरफोर्स और नेवी में भर्तियां नहीं हो रही थीं। हिंदुस्तान टाइम्स ने रिपोर्ट किया था कि हरियाणा के बहुत सारे युवा भर्ती दोबारा शुरू करने की मांग कर रहे थे। बता दें कि अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 24 जून को शुरू हुए थे। मंगलवार को रजिस्ट्रेशन खत्म हो गया है।

वायुसेना में कुल 3 हजार भर्तियां होनी हैं। ऐसे में इस बार अभ्यर्थियों के लिए कड़ी स्पर्धा होगी। वायुसेना द्वारा साझा किए गए आँकड़े के मुताबिक इस बार 7,49,899 आवेदन आए हैं। इससे पहले किसी एक साइकल में सबसे ज्यादा 6,31,528 आवेदन मिले थे। बता दें कि इस भर्ती प्रक्रिया के तहत जो भी चयन होंगे उन्हें अग्निवीरवायु कहा जाएगा। 24 जुलाई से 31 जुलाई के बीच ऑनलाइन एग्जाम होंगे। जो लोग यह परीक्षा पास करेंगे उनका मेडिकल एग्जामिनेशन होगा। दिसंबर के शुरुआत में चयनित अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी। 30 दिसंबर से कोर्स शुरू होगा। सरकार ने ऐलान किया है कि इस साल अग्निपथ योजना के तहत 46 हजार भर्तियां होंगी। इसमें 40 हजार आर्मी में और 3-3 हजार वायुसेना और नौसेना में होंगी।

## केरल के मंत्री साजी चेरियन का इस्तीफा, भारतीय संविधान पर दिया था विवादित बयान

**तिरुवनंतपुरम, 06 जुलाई 2022।** केरल के मंत्री साजी चेरियन ने विवादित बयान के बाद इस्तीफा दे दिया है. पठानमथिट्टा में सीपीआईएम के एक कार्यक्रम में संविधान के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था, जिसके बाद सीपीआईएम के केंद्रीय नेतृत्व के दखल के बाद चेरियन से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था.



केरल सरकार में मंत्री और CPI(M) नेता साजी चेरियन ने कहा था कि संविधान लोकतंत्र और सेकुलरिज्म जैसी बेवकूफी वाली बात करता है. मलायलम में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि हम सभी ये मानते जरूर हैं कि देश के पास एक सुंदर लिखित संविधान है, लेकिन मैं साफ करना चाहूंगा कि ये संविधान इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश को लूटने के लिए हो रहा है. श्रमिक वर्ग के लिए तो ये बिल्कुल भी मुफीद नहीं है. उनके लिए इस संविधान में सुरक्षा नहीं है. अपने संबोधन में साजी ने इस बात पर भी जोर दिया कि देश का संविधान अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को सपोर्ट करता है.

### चेरियन के बयान से केरल में बवाल

साजी चेरियन के इस बयान के बाद केरल की राजनीति में बवाल मच गया था. विपक्ष ने तुरंत सीएम विजयन से साजी चेरियन के इस्तीफे की मांग की थी. बीजेपी भी तत्काल प्रभाव से उन्हें बर्खास्त करने की मांग उठा रही थी. वी मुरलीधरण कहते हैं कि मैं इस बयान की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं. ऐसे लोग मंत्री पद पर नहीं बने रह सकते हैं क्योंकि संविधान की वजह से ही उन्हें ये जिम्मेदारी मिली है. सीएम विजयन से मांग करता हूं कि उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाए.

वहीं राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी इस मामले का संज्ञान ले लिया था. उनकी तरफ से मुख्यमंत्री से भी इस मुद्दे पर सफाई मांगी गई थी. वहीं पार्टी की ओर से कहा जा रहा था कि मंत्री की जुबान फिसल गई थी, वे कुछ और कहना चाहते थे.

## शिवसेना में भावना गवली की जगह राजन विचारे लोकसभा में चीफ व्हिप,सांसदों के टूटने का डर

**मुंबई, 06 जुलाई 2022।** शिवसेना ने लोकसभा में मुख्य सचेतक चीफ व्हिप बदल दिया है. पहले वाशिम से सांसद भावना गवली चीफ व्हिप थीं. अब उनकी जगह ठाने से सांसद राजन विचारे को चीफ व्हिप बनाया गया है. शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को डर है कि उनके कुछ सांसद भी टूट सकते हैं. राष्ट्रपति चुनाव के वक्त ये टूट सामने न आए इसलिए पहले ही कदम उठाया गया है. एकनाथ शिंदे गुट का दावा है कि 12 से 14 सांसद उनके संपर्क में है.



**राजन विचारे शिंदे के करीबी-** राजन विचारे ठाणे से हैं और शिंदे के करीबी माने जाते हैं. संजय राउत ने प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर इस बाबत जानकारी दी. पत्र में लिखा गया कि शिवसेना संसदीय बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से भावना गवली के स्थान पर सेना के सांसद राजन विचारे को लोकसभा में मुख्य सचेतक के रूप में नामित किया है.

बता दें कि उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया है कि बीजेपी उनकी पार्टी को खत्म करना चाहती है. उद्धव ने बीजेपी को मध्यावधि चुनाव कराने की चुनौती दी है.

### उद्धव ने उठाए थे ये सवाल

हाल ही में शिवसेना भवन में शिवसेना जिला अध्यक्षों की बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा था, विधानसभा को मनमाने ढंग से चलाना संविधान का अपमान है. उद्धव ठाकरे ने विशेषज्ञों से अपने विचार व्यक्त करने को कहा था. उन्होंने कहा था कि क्या राज्य में संविधान के मानदंडों का पालन हो रहा है या नहीं?

**उद्धव ने पार्टी के लोगों से साथ देने को कहा था-** शिवसेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ठाकरे ने अपनी पार्टी के नेताओं से कहा, अगर वे लड़ाई लड़ना चाहते हैं, तो साथ रहें. उन्होंने कहा, बीजेपी शिवसेना को खत्म करने की योजना बना रही है. मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे राज्य में मध्यावधि चुनाव कराकर दिखाएं. अगर हम गलत हैं, तो लोग हमें घर भेज देंगे. अगर वे (बीजेपी, एकनाथ गुट) गलत हैं, तो लोग उन्हें घर भेज देंगे.

**जून में महाराष्ट्र में सियासी ड्रामा-** जून में महाराष्ट्र में सियासी ड्रामा देखने को मिला था जब उद्धव ठाकरे को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा और भाजपा की मदद से एकनाथ शिंदे को सीएम बनाया गया. शिंदे सरकार ने बाद में स्पीकर के चुनाव में भी जीत दर्ज की और फ्लोर टेस्ट भी पास कर लिया।

## अजमेर दरगाह का खादिम सलमान चिश्ती दो दिन की पुलिस रिमांड में

### बीजेपी ने कांग्रेस पर बोला हमला

**जयपुर, 06 जुलाई 2022।** अजमेर दरगाह का खादिम सलमान चिश्ती को कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. अब पुलिस उससे पूछताछ करेगी. इससे पहले दोपहर में सलमान को पुलिस जज के घर लेकर पहुंची. यहां उसकी पेशी हुई और मामले की सुनवाई की गई. पुलिस को आशंका थी कि वकीलों की नाराजगी की वजह से सलमान को निशाना बनाया जा सकता है. दो दिन पहले ही जयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों की भीड़ ने पिटाई कर दी थी.





बता दें कि दरगाह का खादिम और हिस्ट्रीशीटर सलमान चिश्ती को पुलिस ने देर रात खादिम मोहल्ला स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था. आरोपी सलमान चिश्ती वीडियो वायरल होने के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस ने कई टीमें गठित की थी.

### आतंकियों को संरक्षण देती है कांग्रेसः राज्यवर्धन सिंह

बीजेपी सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी गहलोत सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि हिंदू विरोधी कांग्रेस जेहादी तत्वों और आतंकी विचारधारा को ऐसे ही संरक्षण देती है और बचाती है. आतंक फैलाने के लिए हत्या की धमकी देने वाले अजमेर दरगाह के खादिम को पुलिस सिखा रही कि कैसे बचना है. यह ऊपर से आदेश के बिना संभव नहीं. जिहादी हिंसा और हत्या की जिम्मेदार कांग्रेस सरकार है.

### सलमान पर 13 केस, इनमें हत्या का मामला शामिल

एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने बताया था कि सलमान चिश्ती ने नूपुर शर्मा के संबंध में आपत्तिजनक और भ्रामक बयान वाला वीडियो वायरल किया था. इसी मामले में उसकी गिरफ्तारी की गई है. पुलिस ने ये भी बताया है कि सलमान पहले से आपराधिक प्रवत्ति का रहा है. उसके खिलाफ पहले से ही 13 अपराधिक केस विभिन्न थानों में दर्ज हैं. इनमें हत्या के मामले भी शामिल हैं. एक मामले में आरोपी को सजा भी सुनाई जा चुकी है.

बताया जा रहा है कि वीडियो बनाते समय आरोपी नशे की हालत में था, लेकिन वीडियो बनाने में अभी तक उसकी मदद करने में किसी का नाम सामने नहीं आया है. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है.।

### गहलोत की पुलिस बचाने में लगीःअमित मालवीय

बीजेपी नेता अमित मालवीय ने ट्वीट किया है और कहा कि इस वीडियो में अशोक गहलोत की पुलिस सलमान चिश्ती को नुपुर शर्मा का सिर कलम का वीडियो जारी करने पर यह सिखाती है कि उसने नशे की हालत में बयान दिया था, ताकि उसे (सलमान) बचाया जा सके. क्या कांग्रेस के शासन में हिंदू जीवन मायने रखता है? राजस्थान पुलिस उदयपुर की घटना को भी टाल सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार



### रोहिणी जेल में 9 महीने से बंद कैदी की मौत, पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप

**नई दिल्ली, 06 जुलाई 2022।** दिल्ली की रोहिणी जेल में एक कैदी की मौत हो गई है. ये कैदी 9 महीने से जेल में बंद था. परिजन का आरोप है कि कैदी की पीट-पीट कर हत्या की गई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है.

जानकारी के मुताबिक, वार्ड 6 में स्थित रोहिणी जेल में अब्दुल (30 साल) पिछले 9 महीने से बंद था. बुधवार को परिजन को सूचना मिली कि अब्दुल की मौत हो गई है. परिजन जेल पहुंचे. उन्होंने यहां आरोप लगाया है कि जेल में अब्दुल की पिटाई की गई है. इसी वजह से उसकी मौत हुई है. घटना की जांच की जानी चाहिए.।

### जीसस क्राइस्ट के खिलाफ दिया था विवादित बयान, मौलवी के खिलाफ FIR



**कोट्टायम, 06 जुलाई 2022।** केरल में हेट स्पीच के खिलाफ अदालत ने बड़ी कार्रवाई की है. कोर्ट के निर्देश पर कोट्टायम पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में दिए गए एक हेट स्पीच के मामले में एक मुस्लिम मौलवी के खिलाफ केस दर्ज किया है. इस मामले की शिकायत एक बीजेपी नेता ने अदालत से की थी और इस मौलवी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी.

केरल के कोट्टायम में वासिम अली हिकामी नाम के एक मौलवी ने जीसस क्राइस्ट के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था. यही नहीं इस मौलवी ने इसाइयों पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.

इस मामले की शिकायत बीजेपी के स्टेट कमेटी के सदस्य अनूप एंटनी ने कोर्ट से की थी. कोर्ट के निर्देश पर कोट्टायम पुलिस ने आईपीसी की धारा 153₇ के तहत वासिम अली हिकामी पर केस दर्ज किया है. आईपीसी की धारा 153₇ में धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने का जिक्र है. वासिफ अली हिकामी के खिलाफ कोट्टायम जिले में पहले से ही एक मामला चल रहा है. एर्नाकुलम साइबर पुलिस ने 26 जून को मामला दर्ज किया है और इस मामले को कोट्टायम ट्रांसफर कर दिया है, जहां लगभग 6 महीने पहले ही एक और मामला दर्ज किया जा चुका है. बता दें कि वासिफ अली हिकामी ने क्रिसमस से एक दिन पहले पिछले साल 24 दिसंबर 2021 को विवादित बयान दिया था.

### मिक्सचर मशीन गिरने पर मजदूर की मौत

**दमोह ,06 जुलाई 2022।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत सागर नाका के समीप भवन निर्माण के दौरान मिक्सचर मशीन गिरने पर एक मजदूर की मौत हो गयी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत सागर नाका चौकी के समीप एक कॉलोनी में कल निर्माण का चल रहा था कि उसी दौरान रेत गिट्टी सीमेंट मिक्स करने वाली मशीन अचानक पलट गयी। इससे वहीं पर काम कर रहे मजदूर पूरन (21) निवासी लाडनबाग के पैरों में एवं शरीर के अन्य स्थानों पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसे तत्काल ही जिला अस्पताल लाया गया।

## संपादकीय

# प्रतिबंधों का पलट-वार

रूस रुबल में कर्ज चुकाने की बात कह रहा है। जबकि पश्चिमी देशों का दावा है कि उसे ऐसा उस मुद्रा में करना होगा, जिसमें उसने कर्ज लिया था।

जी-7 देशों के शिखर बैठक से ये बात साफ उभर कर सामने आई कि रूस पर पश्चिमी देशों ने जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनके हुए उलटे असर वे परेशान हैं। नतीजतन, उन्होंने रूस से तेल खरीद की नई नीति घोषित की। इसके तहत अब तेल खरीद पर पूरा प्रतिबंध नहीं रहेगा, बल्कि एक पूर्व निर्धारित कीमत पर देशों को रूस से तेल खरीदने की इजाजत दी जाएगी। अब ये बात दीगर है कि जब पूरे प्रतिबंध के मामले में पश्चिमी देश रूस पर अपनी शर्तें नहीं थोप पाए, तो खरीदारी पर ये शर्त मानने के लिए वे रूस को कैसे मजबूर करेंगे। दूसरा एक बड़ा मुद्दा रूस के कर्ज चुकाने का है। अब ये साफ हो गया है कि रूस को वैश्विक वित्तीय सिस्टम से बाहर करने का नुकसान अब पश्चिमी संस्थाओं को भी होने जा रहा है। पश्चिमी देशों और वहां के मीडिया का दावा है कि रूस अपने दो बॉन्ड्स पर ब्याज की दस करोड़ डॉलर की रकम चुकाने में नाकाम रहा है। इस तरह वह डिफॉल्टर हो गया है। जबकि रूस का दावा है कि उसने समयसीमा के भीतर अपनी देनदारी पूरी कर दी। विवाद की जड़ में कर्ज चुकाने की अपनी-अपनी परिभाषाएं हैं।

अमेरिका ने दावा किया है कि रूस का डिफॉल्टर होना अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों की सफलता है। जबकि रूस का कहना है कि उसने अपनी देनदारी का भुगतान समय पर कर दिया, लेकिन वह रकम यूरोक्लीयर में अटकी हुई है। यूरोक्लीयर बेल्जियम स्थित एक पेमेंट सेटलमेंट एजेंसी है। मुद्दा यह है कि रूस रुबल में कर्ज चुकाने की बात कह रहा है। जबकि पश्चिमी देशों का दावा है कि उसे ऐसा उस मुद्रा में करना होगा, जिसमें उसने कर्ज लिया था। मगर जब पश्चिमी देशों ने विदेशी मुद्रा में जमा रूस की रकम को जब्त कर लिया है और उसे भुगतान के सिस्टम से बाहर कर दिया है, तो रूस ऐसा कैसे करेगा। बहरहाल, अगर पश्चिमी देशों के दावे को स्वीकार किया जाए, तो फिर ये हकीकत सामने आती है कि जिन पश्चिमी संस्थानों ने कर्ज दिया, उनके नुकसान की भरपाई कैसे होगी इसे सुनिश्चित कराने का पश्चिम के पास क्या उपाय है।

# डॉलर या युआन: कौन बड़ा ठग

दुनिया के सात समृद्ध देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को भी आमंत्रित किया गया था, हालांकि भारत इसका बाकायदा सदस्य नहीं है। इसका अर्थ यही है कि भारत इन्हीं समृद्ध राष्ट्रों की श्रेणी में पहुंचने की पर्याप्त संभावना रखता है। जर्मनी में संपन्न हुए इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लेकर सभी नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की, भारत की उपलब्धियों का जिक्र किया और इस संगठन के सामने कुछ नए लक्ष्य भी रखे।

मोदी ने यह तथ्य भी बेझिझक प्रकट कर दिया कि भारत की आबादी दुनिया की 17 प्रतिशत है लेकिन वह प्रदूषण सिर्फ 5 प्रतिशत ही कर रहा है। दूसरे शब्दों में उन्होंने समृद्ध राष्ट्रों को अपने प्रदूषण को नियंत्रित करने का भी संकते दे दिया। इसके अलावा उन्होंने समृद्ध राष्ट्रों से अपील की कि वे विकासमान राष्ट्रों की भरपूर मदद करें। संसार के देशों में बढ़ती जा रही विषमता को वे दूर करें। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन तथा अन्य नेताओं ने इस अवसर पर घोषणा की कि वे अगले पांच वर्षों में 600 बिलियन डॉलर का विनियोग दुनिया भर में करेंगे ताकि सभी देशों में निर्माण-कार्य हो सकें और आम आदमियों का जीवन-स्तर सुधर सके।

जाहिर है कि इतने बड़े वित्तीय निवेश की कल्पना इन समृद्ध देशों में चीन के कारण ही जन्मी है। चीन ने 2013 में 'बेल्ट एंड रोड एनीशिएटिव' (बीआरडी) शुरु करके दुनिया के लगभग 40 देशों को अपने कर्ज से लाद दिया है। श्रीलंका और पाकिस्तान तो उसके शिकार हो ही चुके हैं। भारत के लगभग सभी पड़ौसी देशों की संप्रभुता को गिरवी रखने में चीन ने कोई संकोच नहीं किया है लेकिन जो बाइडन ने चीनी योजना का नाम लिये बिना कहा है कि जी-7 की यह योजना न तो कोई धर्मादा है और न ही यह राष्ट्रों की मदद के नाम पर बिछाया गया कोई जाल है।

यह शुद्ध विनियोग है। इससे संबंधित राष्ट्रों को तो प्रचुर लाभ होगा ही, अमेरिका भी फायदे में रहेगा। यह विकासमान राष्ट्रों को सड़कें, पुल, बंदरगाह आदि बनाने के लिए पैसा मुहय्या करवाएगा। इस योजना के क्रियान्वित होने पर लोगों को सीधा फायदा मिलेगा, उनकी गरीबी दूर होगी, उनका रोजगार बढ़ेगा और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था मजबूत होगी। संबंधित देशों के बीच आपसी व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में भी इस योजना का उल्लेखनीय योगदान होगा।

यह भी संभव है कि इस योजना में जुटनेवाले देशों के बीच मुक्त-व्यापार समझौते होने लगें। यदि ऐसा हुआ तो न सिर्फ विश्व-व्यापार बढ़ेगा बल्कि संबंधित देशों में आम लोगों को चीजें सस्ते में उपलब्ध होने लगेंगी। उनकी जीवन-स्तर भी सुधरेगा। बाइडन और अन्य जी-7 नेताओं का यह सोच सराहनीय है लेकिन लंबे समय से डॉलर के बारे में कहा जाता है कि यह जहां भी जाता है, वहां से कई गुना बढ़कर ही लौटता है। देखें चीनी युआन के मुकाबले यह कितनी कम ठगाई करता है

-वेद प्रताप वैदिक-

# कमाई की होड़ में शिक्षण संस्थान, शिक्षा का बाजार या बाजार की शिक्षा



-प्रियंका सौरभ-
हिसार,हरियाणा

शिक्षा के व्यावसायीकरण के कारण शिक्षण एक जुनून के बजाय एक शुद्ध पेशा बन गया है और शिक्षण संस्थानों ने मूल्यों को विकसित करना बंद कर दिया है। स्कूल चार दीवारों वाली एक इमारत है जिसके अंदर एक उज्जवल कल है। यदि विद्यालय मूल्यों को विकसित करने में विफल रहते हैं तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से प्रभावित हो सकती है। असहिष्णुता, कट्टरता, लैंगिक भेदभाव और अपराध में वृद्धि देखी जा सकती है।

÷शिक्षा का उद्देश्य तथ्य नहीं बल्कि मूल्यों का ज्ञान है।÷ युवा मन में इन मूल्यों को विकसित करने में स्कूल और कॉलेज एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अनुशासन, जवाबदेही, अखंडता, टीम वर्क, करुणा, विश्वास और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं जो स्कूलों में पेश किए जाते हैं। शिक्षक को छात्रों में उपरोक्त मूल्यों को विकसित करने के लिए एक रोल मॉडल के रूप में कार्य करना चाहिए। हालाँकि, शिक्षा के व्यावसायीकरण के कारण शिक्षण एक जुनून के बजाय एक शुद्ध पेशा बन गया है और शिक्षण संस्थानों ने मूल्यों को विकसित करना बंद कर दिया है।

आज के प्रतियोगी युग में एक छात्र की सफलता को केवल रैंक और ग्रेड के संदर्भ में मापा जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अखंडता और अनुशासन जैसे मूल्यों का नुकसान होता है। छात्रों को अच्छे ग्रेड प्राप्त करने के लिए नैतिक या अनैतिक कोई भी साधन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उदाहरण के लिए, बिहार बोर्ड की परीक्षाएँ जहाँ सामूहिक नकल की गई थी।

इसने छात्रों के मन में तनाव को भी बढ़ा दिया है जिसके परिणामस्वरूप दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं जैसे कि एक परीक्षा से बचने के लिए दूसरे छात्र के जीवन को समाप्त करना। गुरुग्राम स्कूल की घटना और मुंबई की घटना जहां बारह वर्षीय छात्र ने शिक्षक को मार डाला। संस्था के खर्च को कम करने के लिए कई स्कूलों ने आउटसोर्सिंग की है; तीसरे पक्ष को परिवहन और हाउसकीपिंग, जिसके कारण अनधिकृत कर्मचारी परिसर में प्रवेश करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी और अन्य प्रमुख शहरों में, निर्दोष बच्चों के यौन हमले और बलात्कार हुए हैं। परिणामस्वरूप शिक्षण संस्थानों पर से भरोसा उठ गया है।

स्कूलों और कॉलेजों में पैदा हुए नैतिक शून्य ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और साथी सहपाठियों के प्रति असहिष्णुता जैसी घटनाओं को जन्म दिया है। स्कूल और कॉलेज इस तरह की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं रहे हैं।सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने इंसानों के दिलों को दूर कर दिया है। टीम वर्क और करुणा खो गई है। छात्र स्वयं और समाज की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील हो गए हैं और इस प्रकार ब्लू-व्हेल चैलेंज जैसे खेलों के शिकार हो रहे हैं।

मूल्यों को आकार देने में शिक्षा संस्थान की भूमिका एक निश्चित सीमा तक सीमित होती है। यह काफी हद तक उसके परिवार द्वारा बच्चे की परवरिश पर भी निर्भर करता है। माता-पिता का आचरण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है जिसे हम बच्चे के रूप में देखते हैं और उनसे सीखते हैं। शिक्षा का मुख्य सरोकार मनुष्य में अच्छे, सच्चे और परमात्मा को विकसित करना है ताकि दुनिया में एक नैतिक जीवन स्थापित हो सके। यह अनिवार्य रूप से मनुष्य को पवित्र, सिद्ध और सच्चा बनाना चाहिए। मानवता का कल्याण न तो वैज्ञानिक और न ही तकनीकी में निहित है;उन्नति और न ही भौतिक सुख-सुविधाओं के अधिग्रहण में। शिक्षा का मुख्य कार्य चरित्र को समृद्ध करना है।

आज हमें जिस चीज की जरूरत है, वह है साहस, बौद्धिक अखंडता और मूल्यों की भावना पर आधारित नैतिक नेतृत्व। चूंकि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और मानव प्रगति का एक शक्तिशाली साधन है, इसलिए यह व्यक्ति में मूल्यों को विकसित करने का एक शक्तिशाली उपकरण भी है। इसलिए सभी शिक्षण संस्थानों पर शिक्षा के माध्यम से सीखने और मूल्यों की खेती करने की अधिक जिम्मेदारी है। समाज पर प्रभाव- स्वयं पर प्रभाव- आत्म-मूल्य और आत्मविश्वास की हानि। इसके परिणामस्वरूप लालच, ईर्ष्या, बदला, हिंसा जैसे बुरे गुण पैदा होते हैं। हालांकि कोई एक सफल वकील, इंजीनियर या डॉक्टर हो सकता है, लेकिन बिना मूल्यों के नैतिक बौना बना रहेगा।

स्कूल चार दीवारों वाली एक इमारत है जिसके अंदर एक उज्जवल कल है। यदि विद्यालय मूल्यों को विकसित करने में विफल रहते हैं तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से प्रभावित हो सकती है। असहिष्णुता, कट्टरता, लैंगिक भेदभाव और अपराध में वृद्धि देखी जा सकती है। चूंकि शिक्षा कई सामाजिक बुराइयों का प्रतिकार है, इसलिए छात्रों में अच्छे मूल्य पैदा करना लगभग अपरिहार्य है अन्यथा एक समाज के रूप में हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में कितनी भी प्रगति कर लें, हम अंततः बर्बाद हो सकते हैं।

स्कूलों और कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समय पर नैतिक शिक्षा के माध्यम से बचपन से ही मजबूत मूल्य प्रणाली मौजूद है। मूल्य शिक्षा एक शांतिपूर्ण और सुखी समाज के लिए पहला कदम है। शिक्षा के माध्यम से एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, उत्साही समृद्धि मूल्य को आत्मसात करने से बल मिलेगा; यह युवाओं के चरित्र, दृष्टिकोण, प्रवृत्ति, विकास आदि का निर्माण करता है। आज देश में बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान तो खुल गए हैं लेकिन गुणवत्ता की दृष्टि से शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। खासतौर पर स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी जागरुक होना होगा। आज उच्च शिक्षण संस्थाएं तो बहुत खुल रही हैं लेकिन शिक्षा की बुनियाद कमजोर है। इसे मजबूत करने की शुरुआत स्कूली स्तर पर होनी चाहिए। शिक्षण संस्थाएं खोलना तो आसान हो चला है लेकिन क्या और कैसे पढ़ाया जा रहा है इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। संविधान में शिक्षा को समवर्ती सूची में स्थान दिया है समस्या यहीं से है, शिक्षा को मुख्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए था। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी जागरुक होना होगा।

# संयुक्त परिवार की महत्ता



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

÷सुख दुःख में साथ निभाना, मिलकर हर जश्न मनाना, एक दूसरे पर निस्स्वार्थ प्यार लुटाना यही है संयुक्त परिवार का खजाना, इस खजाने को संभाल कर रखिए÷ रिश्तों की माला को अपनेपन के धागों में पिरोकर रखिए, मोती जुड़े हुए श्रृंगार से लगते है बिखरने पर टूट जाते है।

जैसे पाँच ऊँगलियां जुड़ कर मुट्ठी बनती है और मुट्ठी ताकत बन जाती है, वैसे ही संयुक्त परिवार की ताकत भी ज़िंदगी की हर चुनौतियों से लड़ने में अहम भूमिका निभाती है। परिवार की महत्ता समझना बहुत जरूरी है। रिश्तों में अपनापन नींव है परिवार की। आजकल संयुक्त परिवार विभक्त में छंट रहे है। अपनों की अहमियत समझे बिना परायों के आगे खुशामत करने में समझदारी नहीं। अच्छे बुरे वक्त में अपने ही साथ खड़े रहेंगे और अपनों से ही परिवार की शोभा है। एक परिवार के बिना हम सभी अकेले है। हम जीवन रुपी समुन्दर में संघर्षों के तूफान और चुनौतियों के सैलाब जैसे बहते हुए पानी के बीच यात्रा करते हैं। यदि हमारे पास सहारा देने के लिए एक परिवार नहीं है तो हम अक्सर इस यात्रा में विफल रहते हैं और जीवन की हर चुनौतियां हार जाते है। परिवार हमें बुरे समय से गुजरने की शक्ति देता है और हमारे साथ अच्छे समय का जश्न मनाता है।

इंसान की फ़ितरत है छोटी सी बात पर बुरा मानना, एक दूसरे को छोटा दिखाने के लिए गलत टोन में सुनाना, अपमान करना, और रिश्ते में पड़ी दरार को भरने की बजाय दूरी को बढ़ाना। ज़िंदगी में जब बुरा वक्त आता है तब हम अपनों की ओर ही नज़र दौड़ाते है समाज में दूर खड़े रहकर तमाशा देखने वालों की कमी नहीं।

भाई-भाई में सास-बहू में ननंद-भाभी में या कोई भी रिश्ते में अनबन होती है पर चर्चा करो झगड़ा नहीं। अनबन को मतभेद तक सिमित रखो मनभेद नहीं बनाना चाहिए। क्यूँ लहज़े में मिठास नहीं रख सकते, अपनों के प्रति ज़हर उगलने में कौन सी बहादुरी है ? कितनी भी कड़वाहट हो रिश्ते में पर जब अपनों के उपर आफ़त आती है तब अपनों का दिल ही जलता है।

आज के इंसान को अकेलापन रास आने लगा है शायद अपने आप में गुम होता अपनों के हाथ की गिरह छुड़ाकर दूर होता जा रहा है। और फिर मोबाइल के आभासी दोस्तों में अपनापन ढूँढता है। समझता भी है की आभासी दुनिया में कोई किसीका नहीं एक ज़रा सी लाइक ना देने पर आप ब्लॉक लिस्ट में विराजमान हो जाते हो।

अपने चाहे कितने भी रुठे हो एक दो मीठे बोल पर गले लग जाते है। अगर रिश्ता बचाने के लिए थोड़ा झुकना पड़े तो झुक जाईये अपनों के आगे झुकने में शर्म कैसी। बड़प्पन दिखाकर अपनी गरिमा बनाएँ रखें रिश्ते खिल उठेंगे।

क्या साथ लेकर आए थे क्या लेकर जाएँगे। ट्रेन या बस के छोटे से सफ़र में भी हम दोस्त बना लेते है तो ज़िंदगी के सफ़र में किस्मत से जो अपने मिले है उनको क्यूँ संभाल कर नहीं रख सकते।

कोई हज़ारों साल नहीं जीने वाला सबको एक दिन मिट्टी में दफ़न होना है। एसा कोई दिया नहीं जिस पर हवा की नज़र नहीं तो गुरुर किस बात का। अगर रुठा है कोई अपना तो मना लीजिए, या आप रुठे हो किसीसे तो मान जाया किजीए। ज़िंदगी का जश्न अपनों के साथ मनाने में मजा है गैरो में दम कहाँ जो हर मोड़ पर साथ दें। क्या मतलब रह जाएगा वक्त गुजर जाने के बाद आपको अपनों की किंमत समझ आए तो। इसलिए अपनों की इस अनमोल पूंजी को सहजकर रखिए। परिवार का मान सन्मान एक दूसरे के साथ रहकर बढ़ता है एकता में ही समझदारी है।

# राष्ट्रपति कैसा होना चाहिए

विपक्षी पार्टियों के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने एक अच्छी बहस की शुरुआत की है। उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन करने के बाद अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 'राष्ट्रपति का पद इस लोकतंत्र में चेक एंड बैलेंस बनाने के लिए हो। इसे केवल औपचारिकता निभाने वाला पद नहीं माना चाहिए'। उन्होंने आगे कहा 'राष्ट्रपति भवन में सिर्फ उसी व्यक्ति को जाना चाहिए, जो आवश्यक बिंदुओं पर सरकार को सलाह दे सके। लेकिन यदि इस पद पर कोई ऐसा व्यक्ति पहुंचता है, जो सरकार के कब्जे में है तो वह इस पद के साथ जुड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पाएगा। लिहाजा इस पद पर केवल उसी व्यक्ति को पहुंचना चाहिए, जो संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत कर सके'।


उनकी कही दो-तीन बातें बेहद अहम हैं। पहला तो यह कि राष्ट्रपति का पद चेक एंड बैलेंस के लिए होता है। भले संविधान में यह कहा गया हो कि राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह से काम करेगा, लेकिन असल में उसका पद इससे बड़ा होता है और उसके ऊपर संसदीय व्यवस्था में संतुलन बनाने की जिम्मेदारी होती है। दूसरी अहम बात यह है कि राष्ट्रपति जरूरी मसलों पर सरकार को सलाह और निर्देश दे सके। जरूरी मसले किसी तरह के हो सकते हैं। दुर्भाग्य से भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं विकसित हुई, जिसमें राष्ट्रपति अपनी ओर से आगे बढ़ कर सरकार को सलाह दे। आमतौर पर राष्ट्रपति सरकार की सलाह पर ही काम करते हैं और अपनी आंखों के सामने घटित हो रहे असंवैधानिक कामों में भी दखल नहीं देते हैं। यशवंत सिन्हा की कही तीसरी बात और भी महत्वपूर्ण है। वह ये है कि राष्ट्रपति पद पर ऐसे व्यक्ति को पहुंचना चाहिए, जो संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत कर सके। मौजूदा समय की यह नंबर एक जरूरत है कि संवैधानिक व्यवस्था सुचारू रूप से काम करे और संवैधानिक संस्थाएं मजबूत हों।

सबको पता है कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति का चुनाव नहीं जीतेंगे। इसलिए उनकी सदिच्छा का भी कोई ज्यादा मतलब नहीं है। असल में भारत में राष्ट्रपति का चुनाव वहीं जीतता है, जिसे सरकार का समर्थन होता है। तभी सवाल है कि सरकार क्यों किसी ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाना चाहेगी, जो उसके कामकाज में दखल दे या उसे सलाह-मशविरा दे सरकार तो ऐसे व्यक्ति को ही राष्ट्रपति पद पर बैठाना चाहेगी, जो देश के प्रथम नागरिक की प्रतीकात्मक भूमिका निभाए और सरकार की सलाह पर काम करे। भारत में अब तक ऐसा ही होता आया है। अगर इससे अलग कुछ हुआ तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। अगर राष्ट्रपति बहुत सक्रिय हो जाए और संविधान की व्यवस्था से आगे बढ़ कर सरकार के कामकाज में दखल शुरू करे तो उससे भी संवैधानिक व्यवस्था बिगड़ेगी। जैसा अभी कई राज्यों में हो रहा है। राज्यपाल का पद भी राष्ट्रपति की ही तरह प्रतीकात्मक महत्व का होता है और उसे राज्य सरकार की सलाह से काम करना होता है। लेकिन विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों के कामकाज में कई राज्यपाल दखल दे रहे हैं, जिससे बेवजह का विवाद पैदा हुआ है। सरकार के कामकाज में राज्यपालों के दखल से कोई राजनीति भले सध रही हो लेकिन कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हो रहा है। इसलिए यह बड़ा सवाल है कि क्या ऐसा राष्ट्रपति ठीक होगा, जो केंद्र सरकार के कामकाज में दखल दे

यशवंत सिन्हा ने जो कहा वह सुनने में बहुत अच्छा लग रहा है। वे एक आदर्श स्थिति की बात कह रहे हैं, लेकिन वह यूटोपिया की तरह है। वह कल्पना लोक की बात है। यह सही है कि देश के सारे काम राष्ट्रपति के नाम से होते हैं लेकिन राष्ट्रपति की शक्तियां बहुत सीमित हैं। उन सीमित शक्तियों के साथ काम करते हुए संवैधानिक व्यवस्था का संतुलन बनाना आसान काम नहीं है। ऐसा भी नहीं लगना चाहिए कि किसी अन्य मकसद से राष्ट्रपति सरकार के कामकाज में दखल दे रहे हैं और ऐसा भी नहीं लगना चाहिए कि राष्ट्रपति अपनी आंखों के सामने संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ होने दे रहे हैं। दुर्भाग्य से भारत में ऐसे एकाध ही राष्ट्रपति हुए हैं, जिन्होंने ऐसा संतुलन बनाए रखा। ज्यादातर राष्ट्रपति रबर स्टैंप की तरह काम करते रहे। कुछ राष्ट्रपति ऐसे भी रहे, जिनका प्रधानमंत्री या सरकार से टकराव हुआ लेकिन वह संवैधानिक व्यवस्था को लेकर या नीतिगत मसले पर नहीं था। वह टकराव या तो व्यक्तिगत था या राजनीतिक था। मिसाल के तौर पर पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बीच कई मसलों पर विवाद हुआ। राष्ट्रपति द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर में ब्राह्मणों के पैर धोने का मामला हो या हिंदू कोड बिल रोके जाने का मामला हो, दोनों के ज्यादातर विवाद दोनों की निजी मान्यताओं की वजह से थे। संवैधानिक व्यवस्था या परंपरा को लेकर दोनों के बीच कोई विवाद नहीं रहा। इसी तरह ज्ञानी जैल सिंह का राजीव गांधी के साथ टकराव रहा लेकिन वह भी संवैधानिक व्यवस्था या परंपरा को लेकर नहीं था, बल्कि पंजाब की राजनीति और जैल सिंह की निजी महत्वाकांक्षा की वजह से था। शंकर दयाल शर्मा और पीवी नरसिंह राव के बीच भी टकराव रहा लेकिन वह पूरा टकराव कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति से निर्देशित था। राव स्वतंत्र रूप से राजनीति कर रहे थे और सरकार चला रहे थे, जबकि शंकर दयाल शर्मा को नेहरू-गांधी परिवार के हितों का भी ख्याल रखना था।

-अजीत द्विवेदी-

## बस यूँ ही



-राकेश कुमार तगाला-
पानीपत (हरियाणा)

शांति देवी कमरे में पड़ी अपने वीरान घर को देख रही थी। दीवारों का पलशतर उखड़ा पड़ा था। घर की हालत जर्जर हो गई थी,फर्श में जगह-जगह दरार पड़ गई थी। उसने कभी सोचा भी नहीं था, एक दिन उसे ऐसा दिन भी देखना पड़ेगा।छत की हालत दीवारों से भी अधिक खराब थी। छत पर लगी कड़ियां, लकड़ी की शहतीर भी दीमक ने जगह-जगह से खोखली कर दी थी। कड़ियां नीचे की तरफ लटकती-सी लग रही थी।

उसके सारे घर की हालात,उसके शरीर की तरह हो गई थी। वह जब भी अपने पलंग पर आराम करने के लिए लेटती उसकी आँखें अपने घर की स्थिति देखकर भर आती।

अम्मा-अम्मा कहाँ हो? सो रही हो क्या? जब देखो बिस्तर पर पड़ी रहती हो। थोड़ी देर बाहर भी टहल लिया करो। आस-पास चली जाया करो। कब तक अकेली कमरे में पड़ी रहोगी?थोड़ा बहुत मेल-मिलाप कर लिया करो, लोगों से। शुरू से ही तुम्हारे विचार किसी से नहीं मिलतें,तुम मेरी बात सुन रही हो या जान-बूझकर अनसुना कर रही हो,अम्मा।

मम्मी, नानी माँ सो रही होगी, तुम इतना क्यों दहाड़ रही हो? थोड़ा प्यार से आवाज लगा लिया करो।वह अपनी दस साल की बिटिया का चेहरा देखकर चुप हो गई। बेटी लाडो तुम अपनी नानी माँ को नहीं जानती। वह जान-बूझकर मेरी बातों को अनसुना कर रही है।बड़ी जिद्दी है, तुम्हारी नानी---! अच्छा मम्मी,गेट बजा कर देखो जरा,नानी माँ अंदर ही होगी। देखो अंदर की कुंडी लगी है। तुम ठीक कह रही हो,मेरी लाडो------। मैं हमेशा ही ठीक कहती हूँ।

तुम ही अपनी लाडो की बात नहीं मानती। अच्छा- अच्छा अब चुप भी हो जाओ।जहाँ देखो मुझें भाषण देना शुरु कर देती हो। मम्मी,तुम भी वही करती हो,नानी माँ के साथ। दोनों की जबरदस्त बहस सुनकर शांति देवी, गेट की तरफ दौड़ी।अम्मा, इतनी देर क्यों लगा दी, गेट खोलने में?आँख लग गई थी।थोड़ी देर पहले ही लेटी थीं।

अम्मा, तुम भी ना, जब देखो घर में ही पड़ी रहती हो।कह कर वह कमरे की ओर बढ़ गई।

मेरी लाडो भी साथ आई है।हाँ, नानी माँ----। मुझें तुम्हारी बहुत याद आ रही थी। मम्मी मुझें साथ लाने को तैयार नहीं थीं। मैं मम्मी से जिदद कर बैठी, ठीक किया तुमनें---।तुम्हारी मम्मी भी बचपन से जिद्दी है। किसी की सुनती कहाँ है? दामाद जी बहुत शांत स्वभाव के हैं,वरना इसका गुजारा होना बहुत मुश्किल हो जाता। नानी माँ, आप ठीक कह रही हो। पापा से, मम्मी डरती ही कहाँ है? कभी-कभी ऑखे दिखा देती है, बहुत गुस्से से बात करती है। पापा चुपचाप सुन लेते हैं।

घर की सारी बातें नानी माँ को सुना दो। मेरे खिलाफ नानी माँ के कान भर दो। तुम्हें, बस चुगली करनी आती है। आज पता लगा, घर की सारी बातें तेरी दादी माँ को कैसे पता चल जाती है? अब मुझें समझ में आ गया, मेरी अपनी ही बेटी,घर की भेदी है। बस अब चुप भी हो जाओ, अंजली।

क्यों मेरी लाडो के पीछे लगी हो? अम्मा, तुम नहीं जानती इसे, यह लड़की नहीं आफत की पुड़िया है। जब देखो मुझसे बहस करती रहती है। इसे अपनी मम्मी डर नहीं लगता।मम्मी, तुम ही कहती हो, किसी से डरना नहीं चाहिए। सभी का डटकर सामना करना चाहिए।

चलो अब बंद करो, बहस। अम्मा, तुम शाम को घूमने जाया करो। यहाँ अकेली पड़ी रहती हो। मेरा मन नहीं करता, किसी के घर जानें का---!दो उसकी बातें सुनो, दो अपनी कहो। तुम्हें तो पता है,जहाँ दो औरतें इक्कठी होती है, वहाँ महाभारत के बीज ही बोती हैं। अम्मा, तुम भी कैसी जली-कटी बातें करती हो?

मैं सच कह रही हूँ, यही होता है,यहाँ गाँव भर में,इसीलिए मैं बाहर कम निकलती हूँ। तुम किसी से अधिक बात मत किया करो,इस तरह,तुम्हारा टाइम पास हो जाएगा, घर पड़े-पड़े,तुम्हारी सेहत गिरती जा रही है। अरे सेहत का क्या है?इस उम्र में कौन-सा घर बसाना है? सारी जिम्मेदारियों से गुजर चुकी हूँ।अंजली ने जब अम्मा को समझाने का प्रयास किया,अम्मा उसे ही समझानें लग जाती थीं। उसे अम्मा पर गुस्सा आ जाता था। वह गुस्से में उनको एक-दो बात कह डालती थी। तुम्हें इस उम्र में घर नहीं बसाना,अगर ठीक रहोगी,हमें तुम्हारा सहारा रहेगा।

तुम हो तभी घर खुला दिखता है। कल को तुम नहीं रहोगी। मैं यहाँ पैर भी नहीं रखूंगी। क्यों तुम्हारे भाई नहीं हैं,छुट्टियों में आते हैं?अम्मा,उन्हें मेरी कद्र नहीं हैं।वो मुझें खर्चे की दुकान समझतें हैं।हमेशा यहीं कहतें हैं, लो आ गई,अब खर्चा ही होगा। ना- ना, मेरी बिटिया ऐसा क्यों कहती है, तुम्हारे भाई बने रहे, लेना-देना तो नसीब का होता है।अम्मा, तुम ऐसा सोचती हो। मैं यहाँ आना भी नहीं चाहती हूँ, बस तुम्हारी याद ही खींच लाती है। तुम भी अब भाई के पास शहर ही चली जाओ,यहाँ का घर बेच दो।क्या कह रही है,करम-जली? यह तेरे बाप-दादा की निशानी है। इसके सहारे मेरी जिंदगी कट रही है। वरना कब की भगवान के पास चली जाती? अम्मा,आग लगा दे,इस निशानी को,तुम इसे पकड़ कर बैठी रहों।पचास साल से यह घर बना हुआ है,अब इसकी दीवारें भी जवाब देने लगी है, किसी दिन घर गिर पड़ेगा,फिर क्या करोगी?आग लगे तेरी जुबान को,कल-मुँही,यही सब कहने-सुनने आती हो,और गालियां दे लो, जी भर कर कोस लो,अम्मा।

सच्चाई कितनी कड़वी होती हैं। भाई से कह कर घर की थोड़ी मरम्मत करवा लो,कितना पैसा कमाता हैं? थोड़ा इस पुराने घर पर लगा देंगा, कौन-सा फर्क पड़ जाएगा? कहाँ से पैसा लाएंगा,जो कमाता हैं, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में निकल जाता है।शहर का खर्च,तुम जानती हो। रहने दो,अम्मा मेरा मुँह मत खुलवाओ, वरना सारी पोल-पट्टी खोल कर रख दूंगी।तुम्हारे लिए उनके पास पैसा नहीं है। साले-सालियों को खूब उपहार दिए जाते हैं। बोलती क्यों नहीं, अम्मा? क्या तू सच कह रही है?

हाँ, बिल्कुल सच कह रही हूँ। हाय,वो मेरे बेटे को लूट कर खा जाएगे।वह बहुत भोला हैं। इस बार आने दो,गाँव में खूब खबर लूंगी। रहने दे अम्मा,उसके सामने, तुम्हारी बोलती बंद हो जाती है। तुम उसे बड़े लाड़-प्यार से रखती हो। तुम क्या चाहती हो, इतने वर्षों के बाद बच्चें आते हैं?आतें ही लग जाऊं जली-कटी सुनाने, एक ही तो बेटा है मेरा, उसे अपने से दूर कर दूँ, बस करो अम्मा----!

मैं तुम्हारा हालचाल जाने चली आई थी।चलो,लाडो यहाँ से हमारा यहाँ कोई काम नहीं है। वह अपना थैला उठा कर चलने लगी।अब कहाँ चली,अभी आई थी, अभी चल पड़ी,यहीं देखने आई थी कि अम्मा जिंदा हैं, या नहीं।चल बैठ जा,चाय बनाती हूँ, तुम्हारे लिए।

लाडो, डिब्बे में लड्डू रखे हैं, निकाल ले, अपनी मम्मी के लिए।बाकी थैले में डाल लें, अम्मा तुम्हें याद है,मुझें लड्डू बहुत अच्छे लगते हैं।नानी माँ,तुम मम्मी की बहुत प्यार करती हो।पर अभी खूब लड़ रही थी।वो बस यूँ ही, तीनों चाय की घूँट भर रहीं थीं, साथ-साथ बहुत खिलखला कर हँस रहीं थी।लाडो,सोच रहीं थीं,नानी माँ,मम्मी,बस यूँ ही-----।

## मेरे पापा



प्रिया देवांगन प्रियू
गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्यार हमेशा करने वाले।
जीवन खुशियाँ भरने वाले।।
सच्चे मित्र कहाते पापा।
अपने साथ घुमाते पापा।।
बचपन में वो साथ चलाते।
सदा हमें संस्कार सिखाते।।
बच्चों सँग बच्चे बन जाते।
जोर - जोर से हमें हँसाते।।
चाट पकौड़े खूब खिलाते।
मेले में लेकर भी जाते।
झूला हमें झुलाते पापा।
जोकर से मिलवाते पापा।।
सदा सत्य की राह दिखाते।
उस पर चलना हमें सिखाते।।
गलती में वे डाँट लगाते।
सदाचार हमको बतलाते।।
हिम्मत करना हमें सिखाते।
जीवन रक्षा कवच कहाते।।
अपना दर्द छुपाते पापा।
गम पर भी मुस्काते पापा।।

## गीत



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

जीवन की आपाधापी में
कलुषित होता है जब तन।
कोरे पृष्ठों पर कोरी सी
नित्य पढ़े कविता ये मन।
अद्भुत रचना जैसा यह जग
सुख -दुख का संगम कोई।
कस्तूरी खोजे है मनवा
हर धड़कन जैसे खोई।
भटके हर क्षण जंगल जंगल
घूम लिया है यह हर वन।
कोरे पृष्ठों पर कोरी सी
नित्य पढ़े कविता ये मन...
अक्षर अक्षर लिखता है मन
करता है सृजन अनुपम।
जितना भी जानो जीवन को
लगता उतना ही है कम।
अंकुश कब रहता है मन पर
चलती जब भी प्रेम पवन।
कोरे पृष्ठों पर कोरी सी
नित्य पढ़े कविता ये मन...
साँसों का यह ताना-बाना।
कब जाएगा जाने ठहर।
मरकर जीवित रहना है तो
श्रम करने से कभी न डर।
श्रेष्ठ काज करने से राही।
मिले नाम का पावन धन।
कोरे पृष्ठों पर कोरी सी
नित्य पढ़े कविता ये मन...

## चरोटा भाजी



सोनु नेताम माया
धमतरी,छत्तीसगढ़

आषाढ़ पानी गिरिस त
चरोटा भाजी ह उल्हागे
केंवरी केंवरी पाना ल
भाजी खाए बर सुलरागे
खेत खार के चरोटा भाजी
अब्बढ़ गजब के सुहाथे
चना दार सन डबकाके
लसुन मिरचा के फोरन ममहाथे
चुनुन चानन कलौंजी म बघार
फोरन के सोंध उड़ाथे
गजब बिटामिन भरे हे
चिख चिखके भाजी खवाथे!!

## हे समय चक्र विनती है!कुछ पीछे घूम जाएं



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

समय चक्र विनती है
कुछ पीछे घूम जाएं
मम्मी पापा छोटी बहन
ऊपर से वापस आ जाएं
फ़िर घर में साथ बैठ
हसीं ख़ुशी से देर तक बतियाएं
हे समय का चक्र विनती हैं
कुछ पीछे घूम जाए
बीते हुए बचपन के दिन
कितने सुहाने हसमुख थे
काश कभी ऐसा
करिश्मा भी हो जाए
बचपन के वह सुहाने
फ़िर से दिन लौट आएं
नया ज़माना छोड़
पुराने जमाने में लौट जाएं
मोबाइल कार कंप्यूटर
सभ वापस चले जाएं
मम्मी पापा परियों की मुझे
बस वहीं कहानी सुनाएं
बड़ी हुई भारी जिम्मेदारी से
थक गया हूं वह वापिस छूट जाए
बचपन के वह सुहाने
दिन वापस आ जाएं
हम थोड़े में संतुष्ट हो
वह अनुभूति वापस आएं
महल गाड़ी नहीं चाहिए
पुराना घर वापस आएं
कुएं तालाब पर रोज़ नहाएं
वह दिन वापस आएं
मस्ती करें मम्मी पापा से डॉट खाएं
बचपन में ही सारा जीवन बताएं

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर रही भूपेश सरकार:नेताम

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने बुधवार को अंबिकापुर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रवार्ता आयोजित कर कहा कि प्रदेश में जब से भूपेश सरकार आई है तब से यहां भ्रष्टाचार, बलात्कार सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ को अपराध का टापू बना दिया गया है। भूपेश सरकार बिचौलियों के माध्यम से चल रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में ब्यूरो क्रेट्स का डायरेक्ट इन्वॉल्वमेंट है, यहां कलेक्टरों के पोस्ट की नीलामी की जा रही है। प्रदेश में सर्वाधिक पोस्टिंग के रेट वाला जिला कोरबा बताया जा रहा है। प्रदेश में लूट तंत्र की जगह बन गई है। जिस ब्यूरो क्रेट्स से पूरा प्रशासन चलता है जनता की आशा और उम्मीद बंधी रहती है, ऐसे पोस्ट की नीलामी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व महापौर प्रबोध मिंज, अखिलेश सोनी, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अभिमन्यु गुप्ता, संतोष दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने कहा कि 30 जून को जिस प्रकार आईटी डिपार्टमेंट ने एक बड़ी कार्रवाई की और छत्तीसगढ़ में चल और अचल संपत्ति को जब्त किया। इस



रेड में 200 करोड़ से अधिक एक कलेक्शन के प्रमाणित मिले हैं। यह रेड मुख्य रूप से प्रदेश में ट्रांसपोर्टर्स से हो रही अवैध कमाई को भी प्रमाणित करती है। प्रदेश की जनता इसे देखकर समझ रही है। इससे छत्तीसगढ़ को शर्मसार होना पड़ा है।

### अपने आका को खुश करने में लगी है भूपेश सरकार

छत्तीसगढ़ की शासन व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश सरकार अपने मूल कर्तव्य को छोड़ भ्रष्टाचार, उगाही कर अपने आका को खुश करने में लगी है। यहां के गांव, गरीब, किसान, मजदूर का हक मारकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं हो रहीं है। कुछ दिन पूर्व जांजगीर के अकलतरा में जो घटना हुई है, इससे निर्भया कांड की यादें ताजा हो गईं हैं।

### जमीन पर कब्जा कर रहे जनप्रतिनिधि

नेताम ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में जमीन दलाली बढ़ गई है। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि जमीन पर कब्जा करने में लगे हैं। वहीं रेत बिचौलिए भी काफी सक्रिय हैं, विशेषकर बलरामपुर व सूरजपुर जिले में धड़ल्ले से रेत का दोहन किया जा रहा है। बलरामपुर जिले में हजारों ट्रक रेत बेचकर बिचौलियों द्वारा रखा गया है। इसकी शिकायत करने के बावजूद भी कलेक्टर व एसपी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। उन्होंने महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण की भी बात कहीं।

## जहर सेवन से महिला की मौत




-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** अज्ञात कारणों से एक महिला ने 1 जुलाई को कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रिमन मिंज पति सीतन मिंज उम्र 50 वर्ष चंदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम फुटकी की रहने वाली थी। उसने अज्ञात कारण से 1 जुलाई को कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थिति में सुधार न होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सर्पदंश से हुई छात्रा की मौत



-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** अपने नाना के घर लखनपुर में पढ़ाई कर रही 12वीं की छात्रा को मंगलवार की देर रात सोने के दौरान सांप ने डस लिया था। उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरिता पिता पुनीत राम उम्र 18 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिखी की रहने वाली थी। वह अपने नाना के घर लखनपुर में रहकर 12वीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। मंगलवार की रात को वह खाट पर सोई थी। तभी देर रात खाट पर चढ़कर सांप ने उसे डस लिया। उसने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने उठकर देखा तो कमरे में सांप था। परिजन उसे इलाज के लिए लखनपुर अस्पताल जाएगा। यहां चिकित्सकों ने उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बाइक से गिरकर जख्मी महिला की मौत



-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** परिजन के साथ बाइक से जा रही महिला अनियंत्रित होकर गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगली बाई पति दिलसाय उम्र 70 वर्ष अंबिकापुर के महामाया पारा की रहने वाली थी। वह मंगलवार को अपने बेटा अनिल के साथ बाइक से बांकीपुर दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। रास्ते में बिलासपुर रोड में बाइक अनियंत्रित हो गई और महिला सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अनियंत्रित पिकअप ने साइकिल स्टोर के शटर फाड़ते हुए दुकान में जा घुसी





-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** शहर की मुख्य सड़क पर देर रात पिकअप वाहन दौड़ा रहे नाबालिग संगम चौक में पहुंचे और सड़क किनारे खड़ी कांग्रेस नेता की टाटा सफारी को ठोकर मारने के बाद कुछ फासले पर स्थित किराना दुकान की दीवार को क्षतिग्रस्त करते सड़क के दूसरे हिस्से में स्थित साइकिल स्टोर के शटर को फाड़ते वाहन सहित अंदर जा घुसे। इधर दुर्घटना के बाद पिकअप में सवार नाबालिग भाग निकले। दुकान के अंदर घुसी पिकअप की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पिकअप के मालिक की पता-तलाश शुरू की। पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मायापुर निवासी कन्हैया गुप्ता का नाबालिग पुत्र पांच अन्य हम उम्र लोगों के साथ मंगलवार-बुधवार की दर यानी रात लगभग 1.15 बजे कथित रूप से चाय पीने के लिए बस स्टैंड पिकअप से जा रहा था। घर वाले पिकअप लेकर निकले पुत्र से बेखबर थे। मायापुर से निकले पिकअप सवार नाबालिग बेखौफ संगम चौक तक पहुंच गए। यहां आने के बाद पिकअप मालिक का नाबालिग पुत्र नियंत्रण खो दिया और संगम चौक में रहने वाले कांग्रेस नेता दुर्गेश गुप्ता के घर के सामने खड़ी टाटा सफारी वाहन को ठोकर मारने के बाद शिवांग किराना स्टोर के दुकान के बाहर के अहातानुमा दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें दीवार पर लगा मीटर भी गिर गया। इसके बाद बेकाबू पिकअप बालेंद्र साइकिल स्टोर के शटर को चीरते अंदर घुस गई। देर रात हुई तेज आवाज को सुनकर जब संगम चौक, देवीगंज रोड में रहने वाले बाहर निकले, तब तक पिकअप में सवार नाबालिग रफूचक्कर हो लिए थे। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन मालिक की पतासाजी का प्रयास शुरू किया तो पिकअप के मायापुर निवासी कन्हैया गुप्ता का होनेअंबिकापुर। शहर की मु य सड़क पर देर रात पिकअप वाहन दौड़ा रहे नाबालिग संगम चौक में पहुंचे और सड़क किनारे खड़ी कांग्रेस नेता की टाटा सफारी को ठोकर मारने के बाद कुछ फासले पर स्थित किराना दुकान की दीवार को क्षतिग्रस्त करते सड़क के दूसरे हिस्से में स्थित साइकिल स्टोर के शटर को फाड़ते वाहन सहित अंदर जा घुसे। रात के सन्नाटे को चीरती इस आवाज को सुन इस मार्ग में रहने वाले लोग सहम गए। जब वे बाहर निकले तो बाहर का नजारा देखकर दंग रह गए। इधर दुर्घटना के बाद पिकअप में सवार नाबालिग भाग निकले। दुकान के अंदर घुसी पिकअप की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पिकअप के मालिक की पता-तलाश शुरू की। पिकअप वाहन सुबह तक साइकिल स्टोर के अंदर ही थी, बाद में पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर अपराध दर्ज कर लिया है।

## सफलता प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 1 लाख रुपये

**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त श्री जे.आर. नागवंशी ने बताया है कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 1 लाख रुपये का प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। पात्र अभ्यर्थियों से 26 जुलाई 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिले के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्तें एवं पात्रता विभाग की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर से अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय पर जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्ट्रर्ड डाक से भी भेजा जा सकता है।

## बैंक सखियों के जरिये जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहुंची बैंकिंग सुविधा

**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** ग्रामीण क्षेत्रां में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए बैंक सखी अब जिले के सभी 439 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा मुहैया करा रहे है। जिले में कुल 106 बैंक सखियां कार्यरत है जो कियोस्क बीसी सखी, पेप्वाइंट माइक्रोएटीएम बीसी सखी के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग का कार्य कर रही हैं। अब तक जिले में बैंक सखी द्वारा 104.18 करोड़ रूपए का लेने-देन किया गया है। बैंक सखियों ने इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग फाइनेंस के माध्यम से बैंकिंग की परीक्षा भी उत्तीर्ण की हैं।बैंक सखियों द्वारा ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत के मनरेगा श्रमिकों, पेंशन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, आवास निर्माण के हितग्राही का भुगतान तथा महिला समूहों की बचत, ऋष्ण जमा और निकासी की सुविधा भी गांव में सभी को दी जा रही है। साथ ही साथ बैंकों में नया खाता खुलवाने का कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ अपने गांव में ही प्राप्त हो रहा है।बैंक सखियों के द्वारा मई 2020 से मनरेगा कार्यस्थलों पर भी मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। अब तक कुल 19626 मजदूरों का 5 करोड़ से अधिक रूपए का भुगतान किया गया।

# कलेक्टर ने किया मैनपाट के हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**पात्रता अनुसार तत्काल मुआवजा राशि देने के निर्देश,सुपरवाइजर व दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निलंबित,सीडीपीओ को नोटिस व वेतन रोकने के निर्देश**

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बुधवार को जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, वनमंडलाधिकारी श्री पंकज कमल सहित अन्य अधिकारियों को साथ लेकर मैनपाट के हाथी प्रभावित क्षेत्र कंडराजा व बरडांड का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने हाथियों द्वारा बरडांड में क्षतिग्रस्त किये तीन घरों का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों के सदस्यों को शासन के नियमानुसार मुआवजा राशि दिलाने तथा आश्रय स्थल सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने के आश्वासन दिये। ग्रामीणों के द्वारा मुआवजा राशि लंबित होने की जानकारी देने पर इस वन विभाग के रेंज को फटकार लगाते हुए दो दिन में पात्रतानुसार मुआवजा राशि वितरित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण जे दौरान ग्रामीणों ने बताया की कंडराजा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलू चौधरी आये दिन अनुपस्थित रहती है और आंगनबाड़ी भी नहीं खुलता है। इसी प्रकार बरडांड आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। इस



पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलू चौधरी, देवकी चौधरी सुपरवाइजर पूजा तिवारी को निलंबित करने तथा सीडीपीओ प्रभा नामदेव को कारण बताओ सूचना के साथ आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बरडांड व कंडराजा दोनों गांव को पैदल ही भ्रमण कर प्रभावित घरों को देखा। उन्होंने बरडांड के बंद आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तुड़वा कर हाथी प्रभावितों के लिए आश्रय स्थल के रूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बरडांड में बने सेफ हॉउस के छत में शेड पूरा नहीं लगने तथा अन्य अव्यवस्थाओं के कारण जनपद सीईओ को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि 5 दिन यही रहकर पूरा शेड लगवाने और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों से पढाई के बारे में पूछ-ताछ की। उन्होंने बच्चों को पहाड़ा व अंग्रेजी वर्णमाला भी पूछे बच्चों के जवाब देने पर टॉफी व बिस्किट दिए।

शिक्षक बन टीचरों की ली क्लास- कलेक्टर ने कंडराजा से वापसी के दौरान नर्मदापुर स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों के साथ ही शिक्षकों का परिचय लिया। इस दौरान प्रभारी प्रधान पाठक संतोष कुमार तिर्की व गणित शिक्षक प्रियंका सोनी मौजूद थीं। कलेक्टर ने ब्लैक बोर्ड पर एक सवाल लिख कर हल करने को कहा जिसे शिक्षकों ने हल नहीं कर पाया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बेसिक जानकारी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। स्कूल के निर्माण कार्य अधूरा रहने व साफ-सफाई की कमी पर भी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने छात्रा रुपाली सिंह के द्वारा इंग्लिश में अपना परिचय देने व पोयम सुनाने पर खुश होकर उनकी तारीफ की और उसके साथ फ़ोटो भी खिंचाई ।

### दलाई लामा का संदेश हर समुदाय के लिए प्रासंगिकः कलेक्टर

**कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार दलाई लामा के जन्मोत्सव समारोह में हुए शामिल**

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 87 वीं जन्म दिवस के अवसर पर मैनपाट के तिब्बती कैम्प नंबर 01 में आयोजित



कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर तिब्बती बच्चों व युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने दलाई लामा को जन्म दिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि दलाई लामा ने अहिंसा, शांति, प्रेम, सद्भाव की जो संदेश दुनिया को दिया है वह आज भी सभी समुदायों के लिए प्रासंगिक है। हमे उनके संदेशों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। सभी समुदायों में सौहार्द्र और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि दलाई लामा के शिक्षा को अनुसरण कर सभी समुदाय जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, डीएफओ श्री पंकज कमल सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में तिब्बती समाज के लोग उपस्थित थे।




# शांति समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** ईद-उल-जुहा का त्यौहार शांति पूर्वक मनाने हेतु कलेक्टर श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार 7 जुलाई 2022 को शाम 5:30 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। संबंधित अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष ईद-उल-जुहा ( बकरीद) का त्यौहार 10 जुलाई 2022 को मनाई जाएगी।

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 15 जुलाई को लेंगे बैठक

**अम्बिकापुर,06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू ( केबिनेट मंत्री दर्जा ) 15 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष श्री आर.एन. वर्मा ( राज्य मंत्री दर्जा ) एवं सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के हित में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।




CMYK

# मुख्यमंत्री से फरियाद गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखा जावे:छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन





➢शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षक कटिबद्ध शिक्षकों को स्वतंत्र किया जावे:बिरेन्द्र बहादुर तिवारी।
➢शिक्षक निकम्मा नही 2 लाख शिक्षक व परिवार का सम्मान रखा जावे।
➢उत्कृष्ट शिक्षा के लिए शिक्षक,बालक,पालक व विभागीय नीति की संयुक्त भूमिका।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री व मुख्यसचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र देकर प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों के लिए निकम्मा कहने पर आपत्ति दर्ज करते हुए शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षकों को स्वतंत्र करने तथा गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग की है।
छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, डॉ कोमल वैष्णव, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक ने कहा है कि प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों के लिए निकम्मा कहा गया, यह शिक्षकों का अपमान है। शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षक निरन्तर प्रयासरत रहते है, उत्कृष्ट शिक्षा के लिए शिक्षक, बालक, पालक व विभागीय नीति की संयुक्त भूमिका होती है, उसके उपरांत भी शिक्षकों के सम्बंध में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिया गए बयान से शिक्षक हतोत्साहित है। अतः गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखते हुए शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षकों को स्वतंत्र रखा जावे व शिक्षको के सम्मान की रक्षा किया जावे। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा पर शिक्षको को क्या वित्तीय लाभ मिला,? फिर निम्न शिक्षा पर सजा कैसे,? शिक्षको के लिए निकम्मा शब्द निंदनीय है।
छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरिया जिलाध्यक्ष बिरेन्द्र बहादुर तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के वक्तव्य का समर्थन करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ की शिक्षा को सराहने पर शिक्षको को कोई लाभ नही दिया गया, तब अधिकारियों ने वाहवाही लूटी, अब निम्न स्तरीय शिक्षा पर सजा की बात विभाग कैसे कर सकता है? उत्कृष्ट शिक्षा पर अन्य विभाग जैसे विशेष भत्ता, आउट ऑफ टर्न प्रमोशन व प्रोत्साहन राशि क्यो नही दिया गया? शिक्षको का प्रतिनिधित्व शिक्षक कर्मचारी संघ करते है, उनसे सुझाव लेकर शिक्षा का क्रियान्वयन क्यो नही किया जाता? विभाग को दिए गए सुझाव पर कभी अमल क्यो नही किया शिक्षा विभाग ने? अच्छे परीक्षाफल वाले शिक्षको को अतिरिक्त वेतनवृद्धि क्यो नही दिया गया? ऐसे ही कई विषय है जिस पर शिक्षा विभाग को चर्चा करना चाहिए,? विभाग हमेशा से एकतरफा निर्णय करते है और शिक्षको पर दोष मढ़ा जाता है, निम्मनतम शिक्षा स्तर के लिए पूरे विभाग की जिम्मेदारी है और खास कर अधिकारियों की है क्योंकि समय रहते गुणवत्ता की सही मॉनिटरिंग नही की गई और एनजीओ के सुझाव के अनुसार कई प्रयोग किये गए। 30 जून को आयोजित राज्य स्तरीय वेबिनार में शिक्षा सचिव महोदय के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए पूरा दोषारोपण शिक्षको पर ही कर दिया गया, जो कि आपत्तिजनक है। बालक, पालक व शिक्षा विभाग की नीति व कार्य पर समीक्षा कर जिम्मेदारी तय नही किया गया। शिक्षा को प्रभावित करने वाले बहुत से उत्तरदायी कारण है जिन पर गहन चिंतन होना चाहिए। केवल शिक्षक को दोषी ठहरा कर शिक्षा सचिव द्वारा ठीकरा फोड़ने का कार्य किया जा रहा है,,इससे गुणवत्ता सुधार कार्य में न तो समाधान मिले सकेगा और न ही ये उच्चाधिकारी अपने उत्तरदायित्वों से बच पाएंगे। शिक्षको को ग़ैरशिक्षकीय कार्य दिया जाता, कार्यालयीन दस्तावेजी कार्य की भरमार है, जिससे शिक्षको को अध्यापन का पूरा समय नही मिलता है, ऐसे सभी कार्य से शिक्षक को मुक्त कर शिक्षा में गुणवत्ता लाने पहल किया जावे, शिक्षक उत्कृष्ट शिक्षा के लिए कटिबद्ध है, पर विभाग शिक्षको के सुझाव को लागू तो करे।

## अनिल सिंह मेजर ने सीएम भूपेश बघेल से मांगा इस्तीफा

### नैतिकता के आधार पर पद में रहने का हक खोया,सन्दर्भ आईटी रेड


-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)। भाजपा के कद्दावर नेता अनिल सिंह मेजर ने आज भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि 30 जून 2022 को कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार के कारण छत्तीसगढ़ महतारी एक बार फिर शर्मसार हुई, मै ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि इस दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी के दुर्ग स्थित आवास में आई टी विभाग ने 24 महिने में दूसरी बार रेड किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के करीबी सूर्यकांत तिवारी एवं उनके पार्टनर के साथ कुल 30 स्थानों में कार्यवाही की 7 ये वही सूर्यकांत तिवारी है जो, जब हॉस्पिटल में एडमिट होते हैं तो मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल एवं विधायकों के साथ उनका हाल चाल जानने पहुँच जाते हैं 7 इस रेड में कुल 9.5 करोड़ अघोषित कैश एवं 4.5 करोड़ की ज्वेलरी बरामद हुई, साथ ही 200 करोड़ से अधिक के कलेक्शन के भी प्रमाण मिले हैं। यह रेड मुख्य रूप से प्रदेश में कोल ट्रांसपोर्ट से हो रही अवैध कमाई को भी प्रमाणित करती है, इस जांच के दौरान 50 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज भी आई टी विभाग को प्राप्त हुये हैं। विभाग का दावा है कि जांच के दौरान कर चोरी के कई पुख्ता दस्तावेज मिले हैं, साथ ही एकाउन्ट सीट्स और डिजीटल साक्ष्य भी प्राप्त हुये हैं।



अनिल सिंह ने बताया कि आयकर अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सरकारी अधिकारियों को भी नकद भुगतान किये जाने के साक्ष्य मिले हैं जोकि बहुत गंभीर हैं, जिन्हें आई टी विभाग द्वारा गंभीरता से जांच किया जा रहा है और जरुरत पड़ने पर विभाग द्वारा उन्हें जल्द ही पूछताछ हेतु बुलाया जा सकता है 7 इस जांच में सूर्यकांत तिवारी द्वारा कोरबा की एक कोल वाशरी को खरीदने में 45 करोड़ के अघोषित कैश भुगतान का भी प्रमाण मिला है 7 अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भी कैश भुगतान के प्रमाण भी आई टी विभाग को मिले हैं 7 आई.टी. विभाग की कार्यवाही की प्रारंभिक जांच में जो प्रमाण मिले हैं वह में हो रही कई सौ करोड़ रूपए की अवैध उगाही को प्रमाणित करता है जिसकी जांच विभाग द्वारा की जा रही है7 इस पूरी कार्यवाही में दो लोग मुख्य केंद्रबिंदु रहे, एक सूर्यकांत तिवारी और दूसरी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी, यहाँ यह ध्यान देने वाली बात है कि दोनों ही भूपेश बघेल के लिए काम कर रहे है तो इसका मतलब इन दोनों को प्रदेश के मुखिया का संरक्षण है और इन्ही की शरण में दोनों प्रदेश को लुटने में लगे हुए हैं 7 यह सरकार पूरी तरह अपने 3.5 साल के कार्यकाल में ही भ्रटाचार के दलदल में फँस चुकी है, इस भ्रष्ट सरकार के कारण छत्तीसगढ़ महतारी का सर शर्म से झुक गया है। भाजपा नेता ने कहा कि हमने भी 15 वर्षों तक सरकार चलाया और इनमे से 10 वर्षों तक कांग्रेस के शासन काल में सरकार चलाया और उस दौरान भी प्रदेश में कई आई.टी. के छापे भी पड़े लेकिन हमारी सरकार पर कभी आंच नहीं आई और इस कांग्रेस की सरकार से जुड़े लोगों के विरुद्ध दो बार आई.टी. विभाग ने कार्यवाही किया 7 यदि राज्य सरकार वर्ष 2020 में की गयी कार्यवाही से जुड़े लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करती तो आज ये नौबत नहीं आती जबकि आई.टी. विभाग द्वारा राज्य सरकार को वर्ष 2020 में दोषी अधिकारीयों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए पत्र भी भेजा गया लेकिन जब मुखिया का ही संरक्षण है तो कार्यवाही कौन करेगा 7 प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है वह 2023 में इसका हिसाब करेगी। उन्होंने आगे कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिये पुरजोर कोशिश कर रही है। यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है, यह सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है, इस जांच से यह साबित होता है कि इसमें मुख्यमंत्री पूरी तरह से संलिप्त हैं और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। इस जांच के दौरान 50 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज भी आई टी विभाग को प्राप्त हुये हैं। विभाग का दावा है कि जांच के दौरान कर चोरी के कई पुख्ता दस्तावेज मिले हैं, साथ ही एकाउन्ट सीट्स और डिजीटल साक्ष्य भी प्राप्त हुये हैं। आयकर अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सरकारी अधिकारियों को भी नकद भुगतान किये जाने के साक्ष्य मिले हैं जोकि बहुत गंभीर हैं। मुख्य दोषी प्रदेश की कांग्रेस सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिये पुरजोर कोशिश कर रही है। यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है, यह सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है, इस जांच से यह साबित होता है कि इसमें मुख्यमंत्री पूरी तरह से संलिप्त हैं और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। इस दौरान पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, शैलेष शिवहरे, भानू पाल, बसन्त राय, पंकज गुप्ता, सुभाष साहू भी उपस्थित रहे।

## राताखार बाईपास मार्ग में लगाए जा रहे मेटल क्रेश बिम का महापौर ने किया निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश



-नगर संवाददाता-
**कोरबा,06 जुलाई 2022।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने राताखार-गेरवाघाट बाईपास मार्ग में सड़क के किनारे लगाए जा रहे मेटल क्रेश बिम के कार्य का औचक निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए। उन्होने राताखार बस्ती के विभिन्न मोहल्लों का भी दौरा किया, वहाँ की समस्याओं को जाना तथा इनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहाँ उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से राताखार से गेरवाघाट होकर दर्री की ओर जाने वाले बाईपास सड़क का निर्माण निगम द्वारा कराया गया है, इस सड़क के निर्माण से कोरबा से दर्री की दूरी कम हुई है, वहीं कोरबा-दर्री फोरलेन सड़क पर वाहनों को दबाव भी कम हुआ है। राताखार-गेरवाघाट बाईपास रोड पर एक ओर नहर है तथा दूसरी ओर हसदेव नदी स्थित है, उक्त मार्ग पर आमनागरिकों की सुरक्षा हेतु सड़क के दोनों किनारों पर मेटल क्रेश बिम निगम द्वारा लगाए जा रहे हैं, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचे, इस दौरान उन्होने कार्य की गुणवत्ता का सघन रूप से जायजा लिया। मेटल क्रेश बिम की प्रोपर फिटिंग को देखा तथा अन्य तकनीकी पहलुओं का निरीक्षण करते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य किए जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता सुनील टांडे, हरिशंकर साहू, सोमनाथ डेहरे के साथ ही निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अधिकारी-कर्मचारियों के लिए लांच हुआ सी-मार्ट मेम्बरशिप कार्ड

### कार्ड के माध्यम से डिस्काउंट रेट पर उपलब्ध होगी सी-मार्ट में मौजूद उत्पाद



-नगर संवाददाता-
**कोरबा,06 जुलाई 2022।** कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सी मार्ट मेम्बरशिप कार्ड लांच किया। मेम्बरशिप कार्ड से सी-मार्ट में खरीदारी के दौरान अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। कार्ड धारक अधिकारी कर्मचारियों को वर्तमान ऑफर के अलावा तीन प्रतिशत का अतिरिक्त छूट प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने आयुक्त प्रभाकर पांडेय , जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रियंका पाण्डेय, डीएफओ कटघोरा श्रीमती प्रेमलता यादव को सी -मार्ट मेम्बरशिप कार्ड प्रदान कर अधिक से अधिक खरीदी कर महिला समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री झा को जिला पंचायत सीईओ श्री कंवर ने उनके नाम से बनाये गये मेम्बरशीप कार्ड को प्रदान किया। कलेक्टर श्री झा ने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित स्थानीय सामान कम कीमत पर सी मार्ट में उपलब्ध है। महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद आसानी से एक ही जगह पर उपलब्ध है। उन्होंने सी मार्ट में जाकर उत्पादों की खरीदी करके महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में पहल करने की अपील भी की। एनआरएलएम के जिला प्रबंधक श्री अनुराग जैन ने बताया कि शहर में स्थापित सी-मार्ट का संचालन पीपीपी मॉडल के तहत किया जा रहा है। सी-मार्ट में महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री पर समूहों को सुनिश्चित लाभ होगा। कोरबा शहर के टीपी नगर में स्थापित सी-मार्ट सुपर मार्केट की तर्ज पर पूरी तरह वातानुकूलित है। इसमें कम्प्यूटराइज्ड दो बिलिंग काउंटर बनाये गये है। सी-मार्ट में उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पाद बाजार भाव से कम दर पर उपलब्ध है। साथ ही पारंपरिक एवं स्थानीय उत्पादों को बढावा दिया गया है।

## बैठक में बीजेपी का भूपेश सरकार पर जोरदार हमला

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार भ्रष्टाचार मे पूरी तरह संलिप्त है यही कारण है कि पिछले दिनो आयकर छापे में सरकार व मुख्यमंत्री के करीबियों के यहां बड़े पैमाने पर संपत्ति के दस्तावेज व रकम बरामद हुई है प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों के यहां आयकर के छापे को लेकर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि पिछले दिनो आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़ के तीस स्थानो पर छापा डाला जिसमें मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी के दुर्ग स्थित आवास व मुख्यमंत्री के करीबी सूर्यकांत तिवारी के यहाँ छापेमारी हुई जिसमें 200 करोड़ रुपए की संपत्ति व लेनदेन संबंधी दस्तावेजी प्रमाण मिले हैं उन्होंने कहा कि कोलवाशरी खरीदने मे 45करोड़ के अघोषित कैश भुगतान के भी साक्ष्य आयकर विभाग मिले हैं7 इतना ही नही पूरे सर्च आपरेशन मे 9.5करोड़ कैश



व 4.5करोड़ के कीमत की ज्वैलरी बरामद किया गया है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के करीबियों के यहां पिछले दो साल मे दो बार आयकर विभाग की छापेमारी हुई जिसमें बड़े पैमाने पर रकम व जमीन के सौदों के दस्तावेज मिले है जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार के संरक्षण मे भ्षाचार किया जा रहा है 7उन्होंने कहा कि भाजपा यह मांग करती है कि मुख्यमंत्री इन भ्रष्ट अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई करे7उन्होंने पिछले दिनों अकलतरा में महिला के साथ दुष्कर्म मामले में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदेश मे लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाया7उन्होंने कहा कि आरोपी द्वारा निर्भया कांड की तरह जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस उसे सिर्फ बलात्कार की घटना बताकर लीपापोती करने मे जुटी हुई है श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे 2019 से फरवरी 2022के मध्य 5हजार से अधिक बलात्कार के प्रकरण दर्ज हुए है जो प्रदेश में महिलाओं के सुरक्षा के प्रति सरकार की लापरवाही को दर्शाता है इस दौरान अजय गोयल, रवि गोयल,जिला राजेश महलवाला, जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी, भूलन सिंह मरावी, पुष्पा सिंह, , लक्ष्मी राजवाड़े, रामानंद जायसवाल, संदीप अग्रवाल, रविंद्र भारती, शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल अज्जू, मनोज कुमार अग्रवाल, मनोज कंसारी, नूतन विश्वास, लीलू गुप्ता, दरोगा सिंह, किरण खेश, अनीता मिश्रा किशन देवांगन, संस्कार अग्रवाल, शांतनु सिंह चौहान, रंजन सोनी मौजूद रहे।

## पुलिस ने धर-दबोचा ऑनलाईन ठगी के आरोपी को


-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** दिनांक 28.06.2022 को माध्यमिक शाला लक्ष्मीपुर घोघरापारा के शिक्षक प्रेमसाय सिंह ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.06.2022 को मोबाईल फोन के माध्यम से एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बोला कि आपका एटीएम ब्लाक हो गया है, मैं बैंक से बोल रहा हूँ अपना खाता नम्बर बताईये एटीएम को अनब्लाक कर देता हूँ तब शिक्षक प्रेमसाय सिंह उस व्यक्ति के झांसे में आकर अपना खाता नम्बर अज्ञात व्यक्ति को बता दिया, अगले दिन बैंक जाकर अपने एटीएम कार्ड के संबंध में पता किया तो एटीएम ब्लाक था धोखाधड़ी होने की शंका पर उसने अपने खाता को ब्लाक करवा दिया और दिनांक 27.06.2022 को बैंक जाकर अपने खाता को अनब्लाक करवाकर 50 हजार रूपये आहरण किया तब मोबाईल में मेसेज आया कि इसके खाता नम्बर से किसी



अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 5 रूपये, 10 रूपये, 99900 रूपये, 99901 रूपये, 99902 रूपये एवं एटीएम से 20-20 हजार रूपये कुल 3 लाख 19 हजार 738 रूपये को को धोखाधड़ी कर आहरण किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भटगांव 124/22 धारा 420 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।
मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने थाना प्रभारी को निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर प्रार्थी के एकाउन्ट से रकम ट्रान्सफर की जानकारी बैंक से प्राप्त किया। बैंक डिटेल व केवाईसी के आधार पर पुलिस को रकम ट्रान्सफर करने वाले बैंक एकाउन्ट का पता चला कि वह भारतीय स्टेट बैंक चंदन ब्रांच भागलपुर बिहार का है। जिसके बाद पुलिस की टीम बिहार रवाना हुई और मामले के आरोपी शंकर नंद पाण्डेय पिता स्व. कृष्णा पाण्डेय उम्र 26 वर्ष सा. अशोकनगर, कंकड़बाग, जिला पटना बिहार को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने ऑनलाईन ठगी करना एवं ऑनलाईन ठगी के माध्यम से अपने खाता में 319738 रूपये ट्रान्सफर कर खाता से 45 हजार रूपये आहरण कर खर्च करना बताया। आरोपी के कब्जे से 10 हजार रूपये, 2 नग एटीएम कार्ड तथा 1 नग मोबाईल जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। आरोपी के द्वारा ठगी की गई राशि में से 274738 रूपये को अलग-अलग खातों में ट्रान्सफर किया था पुलिस ने उन सभी खातों को होल्ड करा दिया है जिससे की प्रार्थी की रकम उसे वापस मिल सके। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एएसआई विरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक रविन्द्र भारती, आरक्षक ताराचंद यादव, रौशन सिंह, युवराज यादव व विनोद सारथी सक्रिय रहे।

## हत्या के प्रयास में 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** बीते 2 जुलाई को रजौलीपारा निवासी चंद्रिका मिंज ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका बिजेन्द्र, मनई, राजेन्द्र व अन्य लोगों से पैतृक भूमि का हिस्सा बंटवारा का विवाद 20-25 वर्षो से चला आ रहा है। शनिवार को अपने समधी बेलसाय के साथ मोटर सायकल में कुर्रीडीह गया था वहां से वापस अपने घर रजौलीपारा शाम को पहुंचा उसी समय पुरानी जमीन विवाद को लेकर एक राय होकर लाठी डण्डा से लैश होकर बिजेन्द्र मिंज, दिनेश, सुरेन्द्र, अर्जेश, गौतम व अन्य लोगों के द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से डण्डा, हाथ मुक्का से प्राणघातक चोट पहुंचाया गया, गंभीर चोट लगने के कारण चन्द्रभान सहित अन्य 4 लोगों का उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल अम्बिकापुर में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 294, 506, 341, 323, 452, 307 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया।




मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने मामले के आरोपियों के गिरफ्तारी के निर्देश चौकी प्रभारी बसदेई को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई की पुलिस ने मामले के आरोपी 1. दिनेश एक्का पिता बच्चूलाल उम्र 30 वर्ष, 2. सुरेन्द्र मिंज पिता जयनंदन उम्र 27 वर्ष 3. अर्जेश मिंज पिता मनहई उम्र 40 वर्ष 4. गौतम मिंज पिता मनहई उम्र 25 वर्ष सभी निवासी रजौलीपारा, चौकी बसदेई को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# फ्रांस में फिर चलेगी धरती की महामशीन,'लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर'से गॉड पार्टिकल की खोज में जुटे हैं वैज्ञानिक

**पेरिस, 06 जुलाई 2022।** करीब 15 अरब वर्ष पूर्व हुए बिग बैंग (एक बिंदु पर सिमटे भौतिक पार्टिकल व ऊर्जा का फैलाव) के बाद गॉड पार्टिकल कहे जाने वाले हिग्स बोसॉन की खोज फिर से शुरू होने जा रही है। यूरोपीय परमाणु संस्था 'सर्न' के मुताबिक, 4 वर्ष बाद इसे फिर शुरू कर 13.6 ट्रिल्यन इलेक्ट्रोनवोल्ट की ऊर्जा निकाली जाएगी।

हिग्स बोसॉन सिद्धांत की खोज 10 वर्ष पूर्व 4 जुलाई 2012 को एडविन हबल नामक वैज्ञानिक ने की थी। अब इस गॉड पार्टिकल की खोज के लिए यह महामशीन 'लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर' दोबारा काम करेगी। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस प्रयोग से ब्रह्मांड के काम करने का तरीका और उससे जुड़े कई रहस्य सामने आ सकेंगे। प्रयोग के दौरान प्रोटोन पर विपरीत दिशा से महामशीन दो बीम डालेगी। यह बीम एक 27 किमी लंबी रिंग पर डाली जाएगी जो फ्रांस व स्विटजरलैंड की सीमा पर धरती से 100 मीटर नीचे है।



**प्रति सेकंड 1.6 अरब टक्कर**

सर्न ने बताया, उसका लक्ष्य प्रोटॉन और प्रोटॉन के बीच प्रति सेकंड 1.6 अरब टक्कर कराना है। इस नई ऊर्जा की दर से वैज्ञानिक हिग्स बोसोन की अधिक बारीकी से जांच कर सकेंगे। इस टक्कर से निकले आंकड़ों का इस्तेमाल भविष्य मं डार्क मैटर, डार्क एनर्जी और ब्रह्मांड के अन्य मूलभूत रहस्यों की जांच में किया जाएगा।

**बिग बैंग सिद्धांत का अध्ययन**

वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने उस गॉड पार्टिकल को खोज लिया है, जिससे यूनिवर्स का ज्यादातर हिस्सा बना है। इस महामशीन को बनाने में 31 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं। नई खोज से वैज्ञानिकों को ब्लैक होल और बिग बैंग के सिद्धांत को समझने में काफी आसानी होगी।

**क्या है बिग बैंग?**

बिग बैंग उस सिद्धांत को कहा जाता है, जिसके मुताबिक करीब 15 अरब साल पहले सारे फिजिकल पार्टिकल और एनर्जी एक बिंदु में सिमटे हुए थे। फिर इस बिंदु ने फैलना शुरू किया। इसमें ब्रह्मांड के शुरुआती पार्टिकल्स सब तरफफैल गए और एक-दूसरे से दूर भागने लगे। इन्हीं पार्टिकल से पृथ्वी और जीवन की उत्पत्ति हुई।

**प्रयोग में भारतीय वैज्ञानिक भी शामिल**

इस मशीन को बनाने में भारत ने भी पैसे दिए हैं और कई वैज्ञानिक इस प्रयोग से जुड़े हैं। इन्हीं में से एक नाम है सत्येंद्र नाथ बोस का जिनका नाम हिग्स बोसॉन नाम ब्रिटिश वैज्ञानिक पीटर हिग्स और सत्येंद्र नाथ बोस के नाम से ही लिया गया है। बोस ने एटम के क्षेत्र में अहम काम किया था।

# पाकिस्तान में तेज बारिश से तीन बच्चों समेत छह की मौत, बलोचिस्तान में अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता

**क्वेटा, 06 जुलाई 2022।** दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान समेत देश के कई हिस्सों में तेज बारिश के चलते तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई है। मौतों का बड़ा कारण मकानों की छत का गिरना है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। इस बीच दक्षिण-पश्चिम बलोचिस्तान में अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता भी हैं।



आपदा प्रबंधन निकाय के मुताबिक, अभी मृतक संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि दक्षिण-पश्चिमी बलोचिस्तान प्रांत के दूरदराज के इलाकों में रात को अचानक आई बाढ़ से कई लोग लापता हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सोमवार से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा, जिससे बलोचिस्तान में दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जून के बाद से वर्षा जनित घटनाओं में 38 लोगों की जान गई है और पाकिस्तान में 200 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# नादिम जहावी को ब्रिटेन का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया गया,स्टीव बार्कले ने संभाला स्वास्थ्य मंत्री का पद

**लंदन , 06 जुलाई 2022।** ब्रिटेन की राजनीति में नई उथलपुथल मच गई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ऋषि सनक की जगह मंगलवार को नादिम जहावी को वित्त मंत्री नियुक्त किया। 55 वर्षीय जाहावी को एक ऐसी अर्थव्यवस्था विरासत में मिली है, जो संभवतः तीव्र मंदी या मंदी की ओर बढ़ रही है। जाहावी पहले शिक्षा मंत्री थे। उनकी जगह मिशेल डोनेलन को शिक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं स्टीव बार्कले को स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल मंत्री नियुक्त किया गया है। इससे पहले स्टीव बार्कले बोरिस जॉनसन के चीफ आफ स्टाफ के रूप में काम कर रहे थे।



**सुनक और जाविद ने दिया मंत्री पद से इस्तीफा**

इससे पहले वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने मंगलवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। इन्होंने पीएम बोरिस जॉनसन की लीडरशिप का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया था। बोरिस जॉनसन ने अपने एक मंत्री पर यौन दुराचार की शिकायत से जुड़े नवीनतम मामले के लिए माफी मांगने की कोशिश की थी। इन दोनों के इस कदम से पीएम जॉनसन की मुश्किलें बढ़ गई हैं जो पहले ही संकट से घिरे हैं।

**साजिद जाविद का पीएम जॉनसन पर निशाना**

साजिद जाविद ने कहा कि उन्होंने घोटालों की एक श्रृंखला के बाद जॉनसन की राष्ट्रीय हित में शासन करने की क्षमता में विश्वास खो दिया है। उन्होंने कहा कि वह अब अच्छे विवेक से काम नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई सांसदों और जनता ने जॉनसन की राष्ट्रीय हित में शासन करने की क्षमता पर विश्वास खो दिया है।

साजिद जाविद ने जॉनसन को लिखे अपने पत्र में कहा है, मुझे कहते हुए दुख हो रहा है कि आपके नेतृत्व में बदलाव की कोई संभावना नहीं दिखती है। इसलिए आपने मेरा भरोसा खो दिया है।

**सुनक बोले- सरकार छोड़ने का दुख, लेकिन ऐसे आगे नहीं बढ़ सकते**

वहीं, सुनक ने कहा- जनता उम्मीद करती है कि सरकार सही तरीके से और गंभीरता से काम करेगी। हमारे दृष्टिकोण मौलिक रूप से बहुत अलग हैं। मैं मानता हूं कि यह मेरी आखिरी मंत्री पद की नौकरी हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि ये लड़ने लायक मुद्दे हैं और इसलिए मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मुझे सरकार छोड़ने का दुख है लेकिन मैं अनिच्छा से इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हम इस तरह से आगे नहीं बढ़ सकते।

# दक्षिण कोरिया में 19,371 नए कोविड मामले दर्ज

**सोल ,06 जुलाई 2022।** दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के 19,371 नए मामले सामने आए हैं, जिसके चलते संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 18,433,359 हो गई है। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने बुधवार को कहा कि यह आंकड़ा पिछले दिन सामने आए 18,147 से ज्यादा है। पिछले एक हफ्ते में पुष्टि किए गए मामलों की दैनिक औसत संख्या 11,950 है।

गंभीर स्थिति वाले संक्रमित मरीजों की संख्या 61 है, जो पिछले दिन की तुलना में 7 अधिक है।

वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान महामारी से 7 मरीजों की मौत हुई है, जिससे मरने वालों की संख्या 24,583 हो गई। कुल मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

# चीनी दूत ने अमेरिकी आयात शुल्क पर जताई चिंता,वार्ता में नहीं मिले व्यापार युद्ध हल करने के संकेत

**बीजिंग, 06 जुलाई 2022।** अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर से जुड़ी वार्ता के लिए चीन के दूत ने चीनी निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले आयात शुल्क (टैरिफ) को लेकर चिंता जताई। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी वित्तमंत्री जेनेट येलेन के साथ एक फोन वार्ता में यह बात कही।



हालांकि, इस दौरान व्यापार युद्ध को हल करने की दिशा में किसी प्रगति का कोई संकेत नहीं मिला। मंत्रालय ने कहा, वाइस प्रीमियर लियू हे और येलेन ने वैश्विक अर्थव्यवस्था व आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं पर भी चर्चा की। अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की गई। हालांकि अमेरिका में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के चलते कार्यालय बंद रहे। लेकिन आयात शुल्क पर अभी किसी समझौते के संकेत नहीं हैं।

**कनाडाई उद्योगपति के विरुद्ध केस में शामिल होने की चीन ने नहीं दी मंजूरी**

चीन के अधिकारियों ने कनाडा के राजनयिकों को पांच साल पहले हांगकांग से गायब हुए एक चीनी मूल के कनाडाई उद्योगपति के खिलाफ चलाए जा रहे मुकदमे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कनाडा की सरकार ने बताया, शियाओ जियान्हुआ को आखिरी बार जनवरी 2017 में हांगकांग के एक होटल में देखा गया था और माना जाता है कि उन्हें चीन के अधिकारियों द्वारा चीन ले जाया गया था। हालांकि, सरकार ने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की कि उन्हें हिरासत में लिया गया था या उन पर क्या आरोप लगाए गए हैं।

# एमक्यूएम नेता बाबर खान गौरी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार,अल्ताफ हुसैन को भी बनाया गया था आरोपी

**कराची, 06 जुलाई 2022।** पाकिस्तान के पूर्व मंत्री और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) नेता बाबर खान गौरी को पुलिस ने सोमवार रात जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग और आतंक को वित्त पोषण के मामले दर्ज हैं।



डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, सात साल अमेरिका में निर्वासन के बाद लौटे गौरी की गिरफ्तारी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की, हालांकि उसने ज्यादा विवरण साझा नहीं किया। बंदरगाह और शिपिंग के पूर्व मंत्री को अदालत ने भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंक को वित्त पोषण मामले में गिरफ्तारी से दो हफ्ते सुरक्षा दी थी।

सिंध उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गौरी ने पाकिस्तान लौटने की घोषणा की थी, लेकिन भविष्य की योजनाओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। पिछले माह गौरी ने सिंध हाईकोर्ट में अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में कहा था, वह वर्तमान में विदेश में हैं और वापस लौटकर ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहते हैं।

## अल्ताफ हुसैन को भी बनाया है आरोपी

गौरी के साथ एमक्यूएम संस्थापक अल्ताफहुसैन और अन्य नेताओं के खिलाफसंघीय जांच एजेंसी ने 2017 में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंक को वित्त पोषण का मामला दर्ज किया था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने उनके और अन्य लोगों के खिलाफवर्ष 2018 में कराची पोर्ट ट्रस्ट के 940 कर्मचारियों को गैरकानूनी ढंग से नियमित करके राष्ट्रीय कोषागार को 280 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफरजा गिलानी और शौकत आजम के कार्यकाल के दौरान मंत्री रहे बाबर खान गौरी पाकिस्तान लौटने से पहले कुछ माह तक दुबई में थे।


# पृथ्वी की कक्षा से अलग हो चांद की ओर बढ़ा नासा उपग्रह,चीन ने फिर अमेरिका पर लगाया अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ का आरोप

**वेलिंगटन/बीजिंग, 06 जुलाई 2022।** वेलिंगटन। पृथ्वी के आसपास चक्कर लगा रहा माइक्रोवेव ओवन के आकार वाला नासा का एक उपग्रह अपनी कक्षा से सफलतापूर्वक अलग हो गया और अब यह चंद्रमा की तरफ बढ़ रहा है। इसी के साथ नासा ने चंद्रमा की सतह पर फिर से अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना के तहत एक और कदम आगे बढ़ा दिया है।

'कैप्स्टोन' उपग्रह की यात्रा पहले से ही कई मायने में असामान्य रही है। इस उपग्रह को छह दिन पहले न्यूजीलैंड के माहिआ प्रायद्वीप से छोड़ा गया था। इसे रॉकेट लैब कंपनी ने अपने छोटे से इलेक्ट्रॉन रॉकेट से प्रक्षेपित किया था। कम से कम ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए अकेले ही आगे बढ़ने वाले इस उपग्रह को चांद पर पहुंचने में चार माह और लगेंगे। रॉकेट लैब के संस्थापक पीटर बेक ने कहा, इस परियोजना पर हमें दो-ढाई वर्ष लगे और इसका क्रियान्वयन बहुत ही कठिन था।

**नया युग : ग्रहों पर जाना होगा सस्ता**

रॉकेट लैब के संस्थापक पीटर बेक ने कहा, अपेक्षाकृत कम लागत वाली यह कोशिश अंतरिक्ष अभियान की दिशा में नया युग शुरू करेगी। बेक ने कहा, अब कुछ करोड़ डॉलर में आपके पास रॉकेट व अंतरिक्ष यान होंगे, जो आपको सीधे चंद्रमा, क्षुद्रग्रहों और ग्रहों पर ले जाएंगे। नासा ने इस पर 3.27 करोड़ डॉलर खर्च किए हैं।



**महीनों तक मिलेंगी अहम सूचनाएं**

यदि आगे का अभियान सफल रहता है, तो कैप्स्टोन उपग्रह अहम सूचनाएं महीनों तक भेजता रहेगा। नासा की योजना कक्षीय मार्ग में 'गेटवे' नामक अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने की है, जहां से अंतरिक्ष यात्री इसके 'अर्टेमिस' कार्यक्रम के तहत चंद्रमा की सतर पर उतर सकेंगे।

**ईंधन का इस्तेमाल काफी कम**

नई कक्षा का महत्व यह है कि इससे ईंधन का इस्तेमाल कम हो जाता है। यह उपग्रह को धरती के लगातार संपर्क में रखती है। न्यूजीलैंड से 28 जून को प्रक्षेपित किया गया इलेक्ट्रॉन रॉकेट अपने साथ 'फोटोन' नामक दूसरा अंतरिक्ष यान ले जा रहा था। यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से अलग हो गया और उपग्रह उसके रास्ते पर बढ़ गया।

**चीन में एक अरब लोगों की सूचना लीक**

हैकरों ने शंघाई पुलिस के डाटाबेस में सेंध लगाकर एक अरब चीनी लोगों के डाटा चुराने का दावा किया है। यदि यह दावा सच हुआ तो यह डिजिटल इतिहास की सबसे बड़ी हैकिंग होगी। ऑनलाइन हैकिंग फोरम ब्रीच फोरम्स पर पिछले सप्ताह एक पोस्ट में किसी शख्स ने चाइनाडेन नामक हैंडल का इस्तेमाल कर 24 टेराबाइट डाटा बेचने का ऑफर रखा। दावा किया गया कि इसमें एक अरब लोगों की निजी जानकारियां हैं। शख्स ने 10 बिटकाइन यानी करीब दो लाख डॉलर में यह डाटा बेचने का प्रस्ताव दिया। बताया गया कि इस डाटा में शंघाई नेशनल पुलिस का डाटाबेस शामिल है जिसमें लोगों के नाम, पते, राष्ट्रीय पहचान संख्या, मोबाइल नंबर शामिल हैं। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद इस डाटा के सैंपल में नाम, जन्म स्थान उम्र, मोबाइल नंबर की सूची दर्ज है।

**नासा प्रमुख के आरोपों को चीन ने किया खारिज**

चीन ने अमेरिका पर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया है। चीन ने नासा प्रमुख नेल्सन पर उनके इस बयान को लेकर निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन अपनी सेना के नेतृत्व में आक्रामक तरीके से अंतरिक्ष कार्यक्रम चला रहा है और इससे एक दिन वह चंद्रमा पर कब्जा कर उस पर अपने स्वामित्व का दावा कर सकता है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि नासा प्रशासक ने तथ्यों की अनदेखी करते हुए चीन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को कहा, ''कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने गैरजिम्मेदाराना तरीके से अपनी बात रखी है और चीन के सामान्य तथा वैध अंतरिक्ष संबंधी प्रयासों को गलत तरह से पेश किया है। चीन ऐसे बयानों को पूरी तरह खारिज करता है।''

लिजियान ने अमेरिका पर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को बाधित करने का आरोप लगाया।



# अमेरिका में बढ़ सकता है मंकीपॉक्स का प्रकोप : चिकित्सा विशेषज्ञ

**वाशिंगटन ,06 जुलाई 2022।** अमेरिका के चिकित्सा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सरकार के सुस्त रवैये के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में मंकीपॉक्स के प्रकोप और बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन मंकीपॉक्स के प्रकोप के खिलाफ लड़ाई लडने में बेहद धीमा रहा है, जो कोरोनोवायरस महामारी के शुरुआती दिनों के सबसे खराब हिस्सों को दर्शाता है। संक्रामक रोग विशेषज्ञों और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिवक्ताओं के हवाले से रिपोर्ट में कहा है कि कोविड-19 की लड़ाई भी काफी कमजोर रही। अमेरिका में सीमित परीक्षण किए गए।

और वैक्सीनेशन कैंपेन बेहद सुस्त रहा। नतीजन वायरस के मामले बढ़ते गए।

हालांकि प्रशासन टेस्टिंग और वैक्सीनेशन की संख्या को बढ़ा रहा है। आलोचकों का कहना है कि प्रयास काफी देर से शुरू हुए हैं।

# नाटो देशों ने स्वीडन,फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी प्रोटोकॉल पर किए हस्ताक्षर,रूस को अलग-थलग करने की कोशिश तेज

**ब्रूसेल्स, 06 जुलाई 2022।** नाटो के 30 सहयोगियों ने स्वीडन, फिनलैंड को सदस्य बनाने के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब दोनों देशों का सदस्यता संबंधी अनुरोध विधायी मंजूरी के लिए गठबंधन की राजधानियों को भेजा गया। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को रणनीतिक तौर पर अलग-थलग करने के प्रयास के तहत यह कार्रवाई की गई। नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, यह फिनलैंड, स्वीडन व नाटो के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

हालांकि गठबंधन में समझौते के बावजूद, तुर्की इन दोनों देशों को अंतिम रूप से शामिल करने पर अभी भी बाधा खड़ी कर सकता है। इसके पीछे तुर्की के नेता रजब तैयब एर्दोगॉन की वह चेतावनी है जिसमें उन्होंने तुर्की की संसद द्वारा समझौते के अनुमोदन से इनकार की बात कही थी। स्वीडन-फिनलैंड के लिए यह एक बाधा है क्योंकि नाटो में उन्हें शामिल करने को अंतिम रूप देने के लिए सभी 30 देशों के औपचारिक अनुमोदन की जरूरत होगी।

**अभी मतदान नहीं कर सकेंगे दोनों देश**

प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर होने का मतलब स्वीडन और फिनलैंड के नाटो खेमे में और अधिक जगह बनाने से है। करीबी साझेदार के रूप में, वे पहले ही गठबंधन की कुछ बैठकों में भाग ले चुके हैं। दोनों देश अब आधिकारिक आमंत्रितों के रूप में, राजदूतों की सभी बैठकों में भाग ले सकते हैं। लेकिन उनके पास मताधिकार नहीं होगा।

**लुहांस्क छोड़ने के बाद यूक्रेनी बलों ने दोनेस्क में संभाला नया मोर्चा**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा लुहांस्क की महीनों से जारी लड़ाई में अपनी जीत की घोषणा करने के बाद यूक्रेनी फौज शहर से बाहर आ गई। इसके बाद उसने दोनेस्क में दूसरे अहम मोर्चों पर मोर्चा संभाल लिया है। यूक्रेन किसी भी सूरत में इसे खोना नहीं चाहता है। इसके लिए उसने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। लुहांस्क को खोने के बाद अब यूक्रेन की सेना दोनेस्क के लिए नई रक्षात्मक रणनीति तैयार कर रही है। उधर, पुतिन ने दोनेस्क के सैन्य ठिकानों पर कब्जा करने का आदेश दे दिया है।



**हर तरफ रूसी हवाई हमलों के निशान**

रूसी हमलों से अपनी जान बचाकर दिनीप्रो के शरणार्थी शिविर में शरण लेने वाली नीना ने बताया कि शहर में हर तरफ रूस के हवाई हमलों के निशान हैं। यहां अब कुछ नहीं बचा है। यह शहर दुनिया का सबसे बुरा चेहरा बन चुका है। यहां मानवीय आधार पर कोई वितरण केंद्र तक नहीं बचा है। सब कुछ खत्म हो गया है। यहां लोगों के मकान अब खंडहर में तब्दील हो चुके हैं।

**युद्ध में तबाह हुआ मकान, कीव के पास खुले में समय गुजार रहे यूक्रेनी**

वेलेन्त्याना क्लाइमेंको (70) जितनी देर से हो सके, घर लौटने का प्रयास करती हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव के बाहर स्थित युद्ध से क्षतिग्रस्त अपने घर की कालिमा को वह अनदेखा करने को कोशिश करती हैं। कभी दोस्तों के घर चली जाती हैं तो कभी कुएं के पास पानी लेने। उन्हें अपना फोन चार्ज करने के लिए भी स्थान खोजना पड़ता है।

इसके बाद वह अकेली एक अपार्टमेंट में स्थित अपने घर लौटती हैं, जो कभी शोर-गुल और जिंदगी से भरपूर हुआ करता था। अब अपने बच्चों के भी नातियों-पोतों की आवाजों के बजाय उनका स्वागत करने के लिए सूने कमरे और हल्की रोशनी ही हैं। वह शायद ही कभी खाना बनाती हैं। इसके बजाय वह फल और टमाटर जैसी वस्तुएं खाकर काम चलाती हैं।

वह अपने पोर्टेबल गैस स्टोव का भी इस्तेमाल नहीं करतीं और जल्द ही बेड पर चली जाती हैं। मार्च के आखिर में रूसी फौजी कीव के आसपास के इलाके से चले गए थे, लेकिन अपने पीछे बुचा क्षेत्र की 16,000 आवासीय इमारतें छोड़कर, जहां बोरोद्यांका स्थित है।

**चार महीने से न बिजली और न ही पानी**

कीव क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सिय कुलेबा के मुताबिक, युद्ध में सबसे ज्यादा प्रभावित सेंट्रलाना मार्ग है, जिसे अब भी लेनिन स्ट्रीट कहा जाता है। बोरोद्यांका की आबादी 12 हजार से ज्यादा है। जब रूस से बमबारी की तो कई पांच मंजिला इमारतों में नीचे की मंजिल बच गई, लेकिन ऊपर के चार तल आग में जलकर नष्ट हो गए। चार महीने बाद भी यहां न तो पानी की सुविधा बहाल हो पाई है और न ही बिजली या गैस की।

बिना कारण हजारों लोग अपना सब कुछ गंवाकर सड़क पर आ गए। एक महिला टेटियाना सोलोहब अपने घर की काली पड़ चुकी दीवारों की ओर इशारा करती हुई बताती हैं, मेरे पास सोफा हुआ करता था, लेकिन अब उसकी स्प्रिंग ही बाकी हैं। कुर्सियां तक नहीं बची हैं। हालांकि इनेमल के बने कुछ कम हैं। पूरे घर में राख की बदबू है। 64 साल की उम्र में मेरा घर रहने लायक नहीं बचा है।

**कैंपों में रहना बन गया मजबूरी उसके लिए भी लंबा इंतजार**

सोलोहब और उनके जैसे विस्थापित लोग अब बोरोद्यांका में बनाए गए कैंपों में रहते हैं। इन्हें पोलैंड और यूक्रेन की सरकारों की मदद से चलाया जा रहा है। ऐसे ही कैंप कीव और लवीव क्षेत्र में बनाए गए हैं। इन कैंपों में अब 257 लोग हैं, जिनमें से 35 फीसदी बोरोद्यांका के पुराने निवासी हैं।

बुचा के सैन्य प्रशासन के प्रतिनिधि कोस्तयांतन मोरोजेको का कहना है, हमें उम्मीद है कि इस माह 160 लोगों के रहने के लिए दो और कंटेनर का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन यह काफी नहीं है। हमारे पास कैंप चाहने वाले 700 परिवार प्रतीक्षा में हैं।

# मुख्यमंत्री द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पटना और शिवपुर-चरचा में नए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की मिली सौगात



➩ जिले में खुलेंगे कुल 04 नए स्कूल।,अनुपस्थित शिक्षकों और स्टाफ को कारण बताओ नोटिस।

➩ शिवपुर-चरचा में स्वामी आत्मानन्द स्कूल के स्थल निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर, बच्चों को दी घोषणा की जानकारी।

➩ हायर सेकेंडरी स्कूल रनई का औचक निरीक्षण कर कलेक्टर ने शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की,

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बैकुंठपुर के पटना में हुए भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में पटना और शिवपुर-चरचा में नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू करने की घोषणा की गई जिससे विशेष रूप से आर्थिक कमजोर परिवारों में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री द्वारा पोंडी बचरा में आयोजित भेंट मुलाकात में भी खड़गवां और पोंडी बचरा में भी नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू करने की घोषणा की गई है। इस तरह जिले में कुल 04 नए स्वामी आत्मानन्द स्कूल शुरू किए जा रहे हैं।

घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरचा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण कर प्राचार्य से विद्यालय हेतु कक्ष तथा अन्य आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर जल्द प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने अध्यापन कक्ष, प्रायोगिक लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के बच्चों को अपने पास बुलाया और बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा पर यहां अब स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलने जा रहा है, उन्होंने जब पूछा कौन-कौन अंग्रेजी माध्यम में पढ़ना चाहता है तो सभी ने हाथ उठाकर एक स्वर में कहा कि हम सभी पढ़ना चाहते हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा की जानकारी पर बच्चे भी काफी उत्साहित हुए।

अनुपस्थित शिक्षकों और स्टाफ को कारण बताओ नोटिस- कलेक्टर कुलदीप शर्मा आज विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम रनई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता की जांच हेतु औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों और कार्यालयीन स्टाफ को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को संतोषजनक जवाब ना पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई किए जाने निर्देशित किया। इस दौरान वे कक्षा सातवीं में पहुंचे। कलेक्टर द्वारा पूछे जाने पर बच्चों ने बताया की अभी हिंदी की कक्षा चल रही है, उन्होंने बच्चों से पाठ पढ़वाया, वहीं कक्षा छठवीं में अंग्रेजी कक्षा में भी उन्होंने बच्चों से सवाल किए तथा शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा देने हेतु निर्देशित किया।

# प्रमुख सचिव शिक्षा के बयान ने शिक्षकों के कर्तव्य निष्ठा और कार्यदक्षता को किया आहत:फेडरेशन

**विगत कई वर्षो से पाटन क्षेत्र के शिक्षकों का सम्मान मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है,क्या शिक्षक अयोग्य एवं अक्षम है ?**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

प्रमुख सचिव शिक्षा के द्वारा शिक्षकों को अयोग्य कहना भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। राष्ट्रनिर्माता शिक्षकों को निकम्मा कहना शिक्षकों का सार्वजनिक अपमान है। जोकि क्षमा योग्य नहीं है। फेडरेशन ने हरिवंश राय बच्चन जी के कविता की पंक्तियाँ ÷असफलता एक चुनौती है,इसे स्वीकार करो,क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो। जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,संघर्ष का मैदान छोड़ कर मत भागो तुम। कुछ किये बिना ही जय जय कार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। ÷ का उल्लेख करते हुए कहा है कि प्रमुख सचिव शिक्षा को अपने कथन पर खुद आत्मचिंतन करना चाहिए।उनके कथन से शिक्षकों के आत्मविश्वास पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। यदि सफलता नहीं मिलने से यदि कोई अयोग्य हो जाता है तो किसी भी क्षेत्र में असफल हुए व्यक्ति को पुनः प्रयास नहीं करना चाहिए?

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, उपप्रान्ताध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने वेबिनार में प्रमुख सचिव शिक्षा के वक्तव्य पर प्रश्न किया है? कोरोना काल में शिक्षकों के द्वारा विभिन्न तरीकों से पढ़ाया जाना क्या अयोग्यता है? मध्यान भोजन को अपने एवं परिवार के सुरक्षा को दाँव पर लगाकर वितरित करना क्या अक्षमता है? कोरोना काल में कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव में अपने प्राण जनता के लिए न्यौछावर करने वाले शिक्षक क्या अक्षम थे? कोरोना काल में शासकीय सेवकों में से शिक्षकों की सर्वाधिक बलिदान क्या व्यर्थ है? मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में छूट क्या अक्षम को दिया गया है? उन्होंने आगे पूछा कि शिक्षक शिक्षा देने के अलावा कौन कौन से गैरशिक्षकीय काम करते है ? शिक्षको को पढ़ाने और अन्य काम करने के लिए कितने दिन और घंटे मिलते हैं? शिक्षक को



विद्यालय में प्रयोगों के कारण कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है? विद्यालय में नए नए प्रयोग लागू करने के बाद उसके परिणाम जानने कितने समय दिया गया है? कक्षा 1 से 8 वीं तक फेल न करने के आदेश से बच्चो की मानसिकता में क्या प्रभाव पड़ा है? कक्षा 01 से 08 तक पुस्तक फ्री, यूनिफार्म फ्री, खाना फ्री, प्रवेश फ्री, बिना परीक्षा पास,अन्य फ्री में मिले चीजों से विद्यार्थियों के मानसिकता पर क्या प्रभाव पड़ा है? क्या प्रमुख सचिव शिक्षा इस दिशा में विचार किया है? यदि शिक्षक अक्षम और अयोग्य हैं तो विभाग के उच्चाधिकारी क्या पाक साफ हैं? शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाई में अनुशासन के लिये न तो डाँट सकते हैं और न ही दण्ड दे सकते हैं ! लेकिन शिक्षकों को दण्ड देने का उपाय प्रमुख सचिव पूछ रहे हैं? बहुतायत प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई/हायर सेकंडरी में विषयानुसार शिक्षकों की पदस्थापना नहीं है,लेकिन परीक्षाफल के लिए दोषारोपण शिक्षकों पर हो रहा है? आज बहुत जगहों पर स्कूल की प्रॉपर्टी को लोग सार्वजनिक प्रोपर्टी समझकर तोड़ फोड़ करते हैं ! शिक्षक के हांथ बंधे हुए है मौन दर्शक है जिम्मेदार कौन है?

विद्यालय भवनों के बहुत जगह आज स्कूल के बाद गांव/शहर के असामाजिक तत्व जॉकर शराब पीते हैं! जिसका डिस्पोजल और बोतल शिक्षक दूसरे दिन साफ करते है! इसके लिए जिम्मेदार कौन है? विद्यालय में लगे ताले और गेट, खिड़कियों को तोड़ा जाता है! शिक्षक बार बार उसे नया लगवाते है, जिम्मेदारी किसकी है ?असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित किया जाए तो वे शिक्षको के दुश्मन बन जाते है! ऐसे में शिक्षको की सुरक्षा और उनकी बचाव के लिए जिम्मेदारी किसकी है? स्कूल भवन की ताले, दरवाजे, खिड़की आदि तो बड़ी बात है, जब स्कूल ने नए पौधा रोपण किये गए, पौधे तक को अज्ञात लोग उखाड़कर ले जाते है, लगे लगाए पेड़ को तोड़ या काट दिया जाता है! इसके लिए जिम्मेदार कौन है? फेडरेशन का कहना है कि प्रमुख सचिव शिक्षा को शिक्षकों का आकलन और उनके लिए पुरस्कार या दंड की व्यवस्था करने से पहले ये सब कार्य करने वाले लोगो और अधिकारियों पर क्या कार्यवाही करेंगे यह सुनिश्चित करना चाहिये ताकि एक शिक्षक स्वतंत्र और निश्चिन्त होकर अध्ययन-अध्यापन का कार्य कर सके।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायतों में तोड़ रहा है दम

## अधिकारियों के सतत मॉनिटरिंग के अभाव में योजना फेल

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर 06 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास जिले में केवल कागजों में ही सफल होते नजर आ रहे हैं। विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा मैदानी स्तर पर उचित रूप से निगरानी न किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त योजना पूरी तरह दम तोड़ती नजर आ रही है। ऐसी स्थिति में अंदाज लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा कितनी हद तक मैदानी स्तर पर कारगर होगी। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार जिले भर के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से एसएलआरएम सेंटर का निर्माण कार्य कराया गया है लेकिन विभागीय अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के अभाव में उक्त योजना पूरी तरह दम तोड़ती नजर आ रही है। मजे की बात यह है कि स्वच्छता अभियान को लेकर देश-भर में विशेष पहल किए जा रहे हैं और प्रतिवर्ष रैंकिंग कर



बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जा रहा है लेकिन जिले में उक्त अभियान को केवल कागजों में ही सफल बताकर विभागीय अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जिससे अधिकांश गांवों में मैदानी स्तर पर आमजन को उक्त योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश पंचायतों के एसएलआरएम सेंटर के सामग्रियों को चोरों ने पार कर दिया है, जिस वजह से सेंटर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोग तो यहां तक आरोप लगा रहे हैं कि विभागीय अधिकारी उक्त योजना के क्रियान्वयन को सफल बनाने में उचित कदम उठाते हुए निगरानी नहीं की जा रही है। ज्ञात हो कि सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर, जयनगर व कुंजनगर में लाखों रुपए की लागत से तैयार किए गए एसएलआरएम सेंटर देख-रेख के अभाव व उपयोग न होने से खंडहर हो गया है। ऐसी स्थिति में जिले के अधिकांश पंचायतों में उक्त योजना के तहत के कचरा संग्रहन कार्य भी केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से सफल होता दिख रहा है।

इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी में कहा की अगर ऐसी स्थिति है तो जिला प्रशासन को ध्यान देनी चाहिए सम्मान्य सभा में भी इस मामले को रखा जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम से संपर्क कर उनका पक्ष जानने की कोशिश किया गया पर उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष ज्ञात नही हो सका

# एसीबी के कोल वाशरियों में पडा छापा,मचा हड़कंप



-राजा मुखर्जी-
कोरबा,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले के दीपका में संचालित आर्यन कॉल बेनिफिकेशन (एसीबी) कंपनी के ठिकानों पर दोपहर बाद छापा की बड़ी कार्रवाई हुई है। एसीबी के चाकाबुड़ा, दीपका थाना के पीछे, रतिजा तथा एक अन्य कोयला ठिकानों पर दबिश दी गई हैं। खनिज विभाग, पर्यावरण संरक्षण विभाग तथा प्रशासन द्वारा मारे गए छापे के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। छापा के संबंध में अभी कोई प्रारंभिक जानकारी सामने नहीं आ पाई है, लेकिन कोयला स्टाक आदि का बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202206020700232**

**विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन् 2021-2022**

सुभाषनगर प.ह.न.-00017(हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-आलोका सरकार
अनावेदक पक्षकार-संजय सरकार

**ईश्तहार**

आवेदक आलोका सरकार आ0 स्व0 साधु चरण,निवासी सुभाषनगर, वार्ड क्रमांक-2 अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 185/2, रकबा 1.350हे0 भूमि को अपने जीवनकाल में अपने उत्तराधिकारियों के मध्य में बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.07.2022 के पूर्व में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/06/2022 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

## नगरपालिका के घड़ी चौक के समीप स्थित कॉम्प्लेक्स का नाम

# स्व.तीरथ गुप्ता कॉम्प्लेक्स रखा गया




◆प्रथम नगरपालिका अध्यक्ष स्व तीरथ गुप्ता को शहर का विकास पुरुष बताकर किया गया नामकरण।

◆नामकरण के बाद अब नामकरण को लेकर श्रेय की होड़ में जुटे नेता।

◆सोशल मीडिया का प्लेटफार्म बना श्रेय लेने के लिए जंग का मैदान।

◆अपने-अपने समर्थकों से नेताओं द्वारा श्रेय लेने सोशल मीडिया में कराया जा रहा प्रचार।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर नगरपालिका के घड़ी चौक के समीप स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स का नाम अब स्व तीरथ गुप्ता कॉम्प्लेक्स कर दिया गया है। स्व तीरथ गुप्ता बैकुंठपुर नगरपालिका के प्रथम अध्यक्ष इस नाते माने जाते हैं क्योंकि उन्ही के नगरपंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान ही बैकुंठपुर नगरपालिका बन सका था और नगरपालिका बनाने स्व तीरथ गुप्ता के प्रयासों को सभी जानते व स्वीकार भी करते हैं कि उनकी ही इक्षा से ऐसा संभव हो सका था और बैकुंठपुर नगरपंचायत से नगरपालिका बन पाया था। स्व तीरथ गुप्ता ने अपने कार्यकाल में बैकुंठपुर में बहोत सारे विकास कार्य किये थे जिसमें कई कार्य आज भी उनकी कार्यकाल की विकास गाथा कहते नजर आते हैं।

स्व तीरथ गुप्ता के नाम से बैकुंठपुर के मुख्य चौक के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नाम करने भले ही स्व तीरथ गुप्ता को उनके बैकुंठपुर शहर विकास को लेकर किये गए कार्यों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि दी गई हो लेकिन अब यही विषय श्रेय लेने का भी बन चुका है और सोशल मीडिया श्रेय लेने के लिए जंग का मैदान बन चुका है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नाम स्व तीरथ गुप्ता के नाम पर करने के प्रस्ताव को वैसे तो नगरपालिका बैकुंठपुर से मंजूरी मिली और इस मंजूरी में कौन कौन ऐसा शामिल था जिसने इसकी सहमति दी यह बात तो खुलकर सामने नहीं आ रही है लेकिन फिलहाल अपने अपने समर्थकों के सहारे शहर के ही जनप्रतिनिधियों द्वारा सोशल मीडिया में इसबात का प्रचार किया जा रहा है कि आखिर क्यों और किसके प्रयासों से ऐसा हो सका है।

एक तरफ नगरपालिका उपाध्यक्ष इसको संसदीय सचिव की सोच व अपना प्रयास बता रहें हैं वहीं दूसरी तरफ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष इसे पार्षद संजय जायसवाल की तरफ से लाया गया प्रस्ताव बता रहें हैं। कुल मिलाकर श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है और सभी श्रेय लेने में लगे हुए हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी के अविभाजित कोरिया जिले के कई नेताओं ने इसे कांग्रेस पार्टी की एक बेहतर सोच बताकर पार्टी को श्रेय देने का प्रयास किया है और उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी में व्यक्ति के काम और उसकी मेहनत को नाम दिया जाता पार्टी और संगठन को नहीं। अब शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नाम स्व तीरथ गुप्ता के नाम से कर तो दिया गया है और कांग्रेस पार्टी के लिए शहरवासियों को अपनी बेहतर सोच बताने का मौका भी मिल गया है लेकिन इन सभी विषयों के बीच आखिर श्रेय लेने की होड़ क्यों मची हुई है यह समझ से परे है क्योंकि यदि स्व तीरथ गुप्ता जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है तो इसमें श्रेय लेने का विषय बिल्कुल नहीं होना चाहिए था और यह बात सोशल मीडिया में श्रेय के होड़ का विषय नहीं बनना चाहिए था।




# फोरलेन सड़क मार्ग के डायवर्टेड सड़क पर पानी भरने से लग रहा जाम



-राजा मुखर्जी-
कोरबा,06 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

जिले के उरगा से चांपा के मध्य निर्माणाधीन फोरलेन सड़क मार्ग के लिए पुल- पुलिया पर बनाए गए डायवर्टेड सड़क पर डामरीकरण नहीं करने का खामियाजा अब बरसात में लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कोथारी के पास डायवर्टेड सड़क पर ऊपर से पानी बह रहा है। यहां पानी बहने के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही ,साथ ही कच्चे मार्ग में कीचड़ निर्मित होने लगा है, इस वजह से इस मार्ग से आना-जाना दुष्कर होने लगा है। अभी बारिश ठीक से शुरू भी नहीं हुई है, अगर बारिश ने अपना रूप दिखाया तो यह सड़क बहने में देर नहीं लगेगी। फिलहाल सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हो रहा है। अव्यवस्था के आलम में ठेकेदार की लापरवाही को नकारा नहीं जा सकता। इसके अलावा जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की भी अनदेखी है ,जिसके लिए जवाबदेह कही जा सकती है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-202206021700
104/अ-6/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घीसू राम अग्रवाल आ0गिरना राम अग्रवाल, निवासी, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 116/1, 118/1,153 रकबा क्रमशः 0.370, 0.370, 0.470 हे0 के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा दिनांक 25/01/2018 के आधार पर वसीयतकर्ता सविता देवी अग्रवाल पति घीसू राम अग्रवाल का नाम विलोपित करते हुए आवेदक का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/07/2022 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कौशिल्या भगत पत्नी अमरजीत भगत जाति उरांव निवासी ग्राम केनाबांध अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2104/3 रकबा 0.017 हे0 का आवासीय व्यपवर्तन कराने के लिए शपथ पत्र,खसरा, बी-1 की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11/07/2022 को मेरे न्यायालय अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी(रा)
अम्बिकापुर

# पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्या अपने ऑफिस के बाहर बैठकर सुनी

-नगर संवाददाता-
कोरबा,06 जुलाई 2022

(घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भोजराम पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनदर्शन लगाया गया । जनदर्शन में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया 7 शिकायतों को जांच हेतु संबंधित थाना चौकी भेजा गया है । उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप जिले में प्रत्येक राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने कार्यालयों में निर्धारित तिथि में जनदर्शन लगाया जाता है , जहां शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का समाधान किया जा रहा है , साथ ही थाना स्तर पर चलित थाना लगाकर थाना प्रभारी द्वारा गांव गांव में जाकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाता है । जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आने वाली शिकायतों के समाधान हेतु पुलिस तुंहर द्वार कार्यक्रम शुरू किया गया है , जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक द्वारा सीधे जिला मुख्यालय से टीम भेजकर शिकायतों का समाधान कराया जा रहा है ।

**न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-1अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

पी.नं.315/2022 व्यवहार वाद क्रमांक-15/2022

01. ग्लेडिस जेनिफा एक्का आ0 स्व0फ्रांसिस जेवियर एक्का आयु-28 वर्ष।
02. ग्लेन जोस एक्का आ0 स्व0 फ्रांसिस जेवियर एक्का आयु-16 वर्ष।

आवेदक क्रमांक-02 द्वारा नैसर्गिक वली बहन आवेदिका क्रमांक-01 दोनों निवासी ग्राम-रेलवे स्टेशन रोड अजिरमा-गांधीनगर तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

आवेदकगण/वादीगण।

**प्रति**

01. शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा अम्बिकापुर पता-महामाया रोड अम्बिकापुर थाना-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)।
02. शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पता-मेन ब्रांच गुदरी गली अम्बिकापुर थाना-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)।
03. शाखा पब्रंधक बजाज एलायंज लाईफ इन्श्यूरेंस कंपनी लिमिटेड पता-अम्बेडकर चौक के पास अम्बिकापुर थाना-गांधीनगर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)।
04. आम जनता

अनावेदकगण।
आवेदन अन्तर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम-रेलवे स्टेशन रोड अजिरमा थाना-गांधीनगर तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा-372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पिता फ्रांसिस जेवियर एक्का की मृत्यु दिनांक 26/04/2021 को तथा माता जुलियाना एक्का की मृत्यु दिनांक 15/04/2021 को होना बताते हुए पिता फ्रांसिस जेवियर एक्का एवं माता जुलियाना एक्का के मृत्यु उपरांत विभिन्न विभागीय देयकों से प्राप्त होने वाली राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है।आम नागरिक को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 06/08/2022 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के पिता फ्रांसिस जेवियर एक्का की मृत्यु दिनांक 26/04/2021 को तथा माता जुलियाना एक्का की मृत्यु दिनांक 15/04/2021 के नाम पर मृत्यु उपरांत विभिन्न विभागीय देयकों से प्राप्त होने वाली राशि को प्राप्त किए जाने संबंधी उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 06/08/2022 तक अपने आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिकागण को उत्तरधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान कर दिया जायेगा,यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर से आज दिनांक 01/07/2022 का जारी किया गया।

सील
(नरेन्द्र कुमार)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा

## इंग्लैंड के बाद चीन के खिलाफ भारतीय टीम का दूसरा मैच ड्रॉ

**नईदिल्ली,06 जुलाई 2022।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने विश्व कप के पूल बी में लगातार दूसरा ड्रॉ खेला और चीन के खिलाफ मंगलवार को मुकाबला 1-1 से बराबर रहा. इससे पहले भारत ने इंग्लैंड से भी 2-2 से ड्रा खेला था. अब आखिरी मैच में भारत को बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड से खेलना है. तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के खिलाफ चीन की झेंग जियाली ने 26वें मिनट में गोल दागा. भारत के लिए बराबरी का गोल 45वें मिनट में वंदना कटारिया ने किया जब पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत कौर के पास से गेंद उनकी स्टिक से टकराई.

पहले दो क्वार्टर में गेंद पर नियंत्रण में भारत का पलड़ा भारी रहा और उसने कई मौके भी बनाये लेकिन गोल में नहीं बदल सके. दूसरी ओर चीनी खिलाड़ियों ने जवाबी हमले बोलकर भारतीय डिफेंस में सेंध लगाई. नौवें मिनट में नवनीत कौर ने गोल पर पहला हमला बोला जिसे चीनी गोलकीपर लियू पिंग ने बचा लिया.

भारत 23वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकरा गई . रिबाउंड पर ज्योतिका ने गोल किया लेकिन रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया .

भारत को इसके तुरंत बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया . हाफटाइम तक चीन ने एक गोल की बढ़त बना ली थी. दूसरे हाफ में भारत को 42वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका.

## पूर्व गर्लफ्रेंड की शिकायत के बाद अगस्त में ऑस्ट्रेलियाई अदालत के पेश होंगे निक किर्गियोस

**नईदिल्ली,06 जुलाई 2022।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस पिछले साल एक घटना के दौरान हमला करने के आरोप के बाद अगले महीने कैनबरा अदालत में पेश होंगे, स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को खबर की पुष्टि की. किर्गियोस का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा है कि ये आरोप निश्चित नहीं हैं और ना ही अभियोजन पक्ष या इस 27 साल के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ने इनकी पुष्टि की है. रिपोर्ट के मुताबिक मामला किर्गियोस की पूर्व गर्लफ्रेंड चियारा पासारी द्वारा की गई शिकायत से संबंधित है.

ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी पुलिसिंग के बयान में किर्गियोस की पहचान नहीं की गई, लेकिन द कैनबरा टाइम्स ने दुनिया के पूर्व 13वें नंबर के खिलाड़ी के वकील के हवाले से कहा कि ये आरोप घरेलू संबंध से संबंधित था.

पुलिस ने कहा, एसीटी पुलिस इस बात की पुष्टि कर सकती है कि 27 साल के शख्स को दिसंबर 2021 में एक घटना के बाद हमले के एक आरोप के संबंध में 2 अगस्त को एसीटी मजिस्ट्रेट अदालत के सामना पेश होना है.

सूत्रों ने किर्गियोस के बैरिस्टर जेसन मोफेट के हवाले से कहा, ये एक घरेलू रिश्ते के संदर्भ में है. आरोप की प्रकृति गंभीर है, और किर्गियोस आरोप को बहुत गंभीरता से लेते हैं. ये देखते हुए कि मामला अदालत के समक्ष है ज इस स्तर पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है, लेकिन भविष्य में हम एक प्रेस रिलीज जारी करेंगे.

किर्गियोस ने मंगलवार को आल इंग्लैंड क्लब में अभ्यास किया जहां उन्हें बुधवार को चिली के क्रिस्टियन गारिन के खिलाफ खेलना है. ऑस्ट्रेलियाई पर इस साल के विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान किए दो अपराधों के लिए कुल 14,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है ङ्क पहले दौर की जीत के बाद एक प्रशंसक की ओर थूकना और फिर स्टेफानोस त्सित्सिपास के खिलाफ तीसरे दौर में गाली देना.

# भारत की नजरें क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाने पर,न्यूजीलैंड से मुकाबला



**एम्सटेलवीन, 06 जुलाई 2022।** अब तक आशा के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय महिला हाकी टीम को अगर एफआइएच विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करना है तो गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अंतिम पूल-बी मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले साल टोक्यो ओलिंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला हाकी टीम ने अपने पहले दो मैचों में टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड और चीन से 1-1 से ड्रा खेला।

सविता की अगुआई वाली भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ पूल-बी में तीसरे स्थान पर है। चीन और न्यूजीलैंड उससे ऊपर हैं। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को इंग्लैंड को 3-1 से हराया।टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार, 16 टीमों को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रासओवर होगा।

क्रासओवर में पूल-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल-डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल-ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल-डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल-बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल-सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल-बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल-सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। इन चारों मैचों के विजेता क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगे।

पूल-बी में शीर्ष पर रहने के लिए भारत को न्यूजीलैंड को हराना होगा और साथ ही आशा करनी होगी कि इंग्लैंड के विरुद्ध चीन की टीम जीत दर्ज नहीं कर पाए। पहले दो मैच में अगर भारत के प्रदर्शन को आधार माना जाए जो टीम के लिए न्यूजीलैंड को हराना आसान नहीं होगा।

भारतीय डिफेंस ने दोनों मैच में प्रभावित किया। पहले मैच में तो इंग्लैंड की टीम एक भी पेनाल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाई, लेकिन दोनों ही मैचों में अग्रिम पंक्ति और मिडफील्ड ने निराश किया। भारत के लिए दोनों गोल करने वाली वंदना कटारिया के अलावा कोई अन्य स्ट्राइकर अब तक आशा के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और नवनीत कौर ने निराश किया।

भारत ने मौके तो बनाए हैं, लेकिन उन्हें गोल में बदलने में टीम नाकाम रही। मिडफील्ड को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मुख्य कोच यानेक शापमैन के लिए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने में नाकामी भी बड़ी समस्या है। दो मैचों में भारतीय टीम 12 पेनाल्टी कार्नर पर दो गोल ही कर सकी है और दोनों गोल वंदना ने रिबाउंड और डिफलेक्शन से किए।

ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर को अपने कौशल को निखारने की जरूरत है और अगर भारत को टूर्नामेंट में आगे बढ़ना है तो पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करने के प्रतिशत में सुधार करना होगा।रैंकिंग पर नजर डालें तो दोनों टीम के बीच अधिक अंतर नजर नहीं आता। न्यूजीलैंड दुनिया की आठवें जबकि भारत नौवें नंबर की टीम है। इंग्लैंड के विरुद्ध जीत के बाद न्यूजीलैंड की टीम आत्मविश्वास से भरी होगी।

गुरुवार को इन दोनों टीम से पहले चीन और इंग्लैंड के बीच मैच होगा जिससे इन्हें पता रहेगा कि सीधे क्वालीफाई करने के लिए उन्हें क्या करना है।

## ट्यूनीशिया की ओंस जेब्युर ने विंबलडन में बनाई जगह,रचा इतिहास





**विंबलडन, 06 जुलाई 2022।** साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबडलन में ट्यूनीशिया की महिला टेनिस स्टार ओंस जेब्युर ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। वह टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही नया कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई। अपने नाम के आगे %पहली बार% कई कारनामे करने की उपलब्धि दर्ज कराने वाली ट्यूनीशिया की जेब्युर विंबलडन के अंतिम-चार में जगह बनाकर किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बन गई।

पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय खिलाड़ी ने मंगलवार देर रात को एक कदम आगे बढ़ते हुए सेंटर कोर्ट पर मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-1, 6-1 हराया।

दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जेब्युर ने कहा, %यह काफी मायने रखता है। मैं लंबे समय से उम्मीद कर रही थी कि मैं यहां पहुंच पाऊंगी। मैं (मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी) हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे परेशान हो चुके हैं और आप इस क्रम को तोड़े। मैंने कहा कि मित्र, मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगी।%

जेब्युर ने प्रयास किया और वह ऐसा करने में सफल रहीं। गुरुवार को सेमीफाइनल में जेब्युर का सामना उनकी तरह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा। जर्मनी की 34 साल की खिलाड़ी ने अपने बच्चों के जन्म के कारण दो बार टेनिस से ब्रेक लिया और ओपन युग में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम-चार में जगह बनाने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनीं। मारिया ने 35वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए 22 साल की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराया।




## राष्ट्रमंडल खेल टीम का हिस्सा होंगे एथलीट तेजस्विन शंकर : एएफआइ

**नई दिल्ली, 06 जून 2022।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआइ) ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में एथलीट तेजस्विन शंकर का नाम शामिल किया गया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ ने इस पर एएफआइ को आगे की कार्रवाई के लिए शंकर का नाम भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) को भेजने का निर्देश दिया। एएफआइ के अधिवक्ता ने पीठ को सूचित किया कि एक खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करने के कारण जगह खाली हुई है, ऐसे में शंकर का नाम अब उसके स्थान पर आगे भेजा जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने हैं। पीठ ने कहा कि मामले की जांच के लिए याचिका को लंबित रखा जाएगा और इस पर अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चूंकि टीम गुरुवार को कार्यक्रम के लिए रवाना हुई, इसलिए याचिकाकर्ता को शामिल करने के संबंध में सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जानी चाहिए। शंकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पिछली तारीख पर पीठ ने शंकर के नाम पर चयन समिति को विचार करने का निर्देश दिया था। शंकर ने याचिका दायर कर एएफआइ को निर्देश देने की मांग की गई थी कि उन्हें अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गैर-उपस्थिति होने के आधार पर राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भाग लेने से अयोग्य न ठहराया जाए। शंकर ने दलील दी थी कि राष्ट्रीय ऊंची कूद रिकार्ड धारक (2.29 मीटर) होने के बावजूद उनके मुवक्किल को बाहर रखा गया।



## मौनी रॉय ने बारिश के मौसम में बिकिनी पहन गिराई बिजली, फैंस ने कहा-चेहरा नागिन पर फिगर बार्बी डॉल

मौनी रॉय ने भले ही एकता कपूर के शो %क्योंकि सास भी कभी बहू% से एक सीधी-सादी लड़की के रूप में अपनी शुरुआत की हो, लेकिन आज के समय में उनकी गिनती टीवी की सबसे बोल्ड और हॉट एक्ट्रेसेस में होती है। टीवी के साथ-साथ मौनी रॉय ने बॉलीवुड में भी अपने कदम जमा लिए हैं। लेकिन ऑन-स्क्रीन से ज्यादा एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर कहर ढा रही हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें पोस्ट की, जिन्हें देख कर फैंस भी मदहोश हो गए और नागिन एक्ट्रेस मौनी रॉय की तारीफ करते नहीं थके।

**बिकिनी में बलखाती नजर आई मौनी रॉय**

मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें उनके परफेक्ट फिगर पर से फैंस अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ने ब्लू एंड व्हाइट रंग की बिकिनी पहनी हुई है, जिसमें वह पहली तस्वीर में अपने बालों से खेलती दिखाई दे रही हैं, तो वही दूसरी तस्वीर में हवा में बलखाते हुए पोज कर रही हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रही हैं और फैंस जमकर अभिनेत्री के लुक पर प्यार बरसाते हुए उन्हें सबसे हॉट नागिन बता रहे हैं।

**मौनी रॉय के परफेक्ट फिगर पर टिकीं फैंस की निगाहें**

मौनी रॉय की इस वायरल तस्वीर को देखने के बाद फैंस कमेंट बॉक्स में अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने उनकी इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, %फिगर बार्बी डॉल जैसी फिगर नागिन जैसी%। दूसरे यूजर ने लिखा, %हर कोई यही सोचता और कमेंट करता है कि आप बहुत हॉट हो, लेकिन आपने ऐसा फिगर मेंटेन रखने के लिए कितनी मेहनत की है ये कोई नहीं जानता, आपको मेरा सलाम%। अन्य यूजर ने लिखा, %आप साड़ी हो या फिर बिकिनी हर अवतार में हॉट लगती हैं%। कुछ ही घंटो पहले डाले गए मौनी रॉय के इस पोस्ट को अब तक 3 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।

**जल्द ही फिल्म %ब्रह्मास्त्र% में नजर आएंगी मौनी रॉय**

मौनी रॉय ने हाल ही में डांस रियलिटी शो %डांस इंडिया डांस लिटिल चैम्प्स% की शूटिंग खत्म की, जिसके बाद वह अपने पति सूरज नाम्बियार के साथ वेकेशन पर निकल गईं। मौनी रॉय ने अपने वेकेशंस की कई तस्वीरें फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की। मौनी रॉय के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म %ब्रह्मास्त्र% में नेगेटिव किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 9 सितंबर 2022 को रिलीज होगी।

# राज कपूर ने जब भरी पार्टी में चिल्लाकर नीतू कपूर को कही थी ये बात, जुग-जुग जियो एक्ट्रेस ने शेयर किया ससुर से जुड़ा किस्सा

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का राज कपूर ने चेहरा ही बदल दिया। एक से बढ़कर एक ऐसी जबरदस्त सुपरहिट फिल्में देकर वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को एक अलग ही ऊंचाइयों पर ले गए। राज कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में शोमैन कहा जाता था। जहां एक तरफ प्रोफेशनल फ्रंट पर राज कपूर शोमैन थे तो वही अगर पर्सनल लाइफ की बात करें तो इस मामले में भी कम्प्लीट फैमिली मैन ही साबित हुए। नरगिस और वैजयंती माला के साथ राज कपूर का तब जुड़ा जब शादीशुदा थे और इस तरह की अफेयर से जुड़ी खबरों की वजह से उनकी शादीशुदा जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव भी आए। लेकिन इसके बाबजूद राज कपूर ने अपने रिश्ते और परिवार को कभी नही बिखरने दिया।

राज कपूर अपनी प्रोफेशनल लाइफ हो या निजी जिंदगी नियम बनाकर चलते थे। उन्होंने शुरुआत से ही निजी जिंदगी में अपने परिवार के लिए ये नियम बनाए हुए थे कि उनके घर की बहू -बेटियों को फिल्म इंडस्ट्री में काम नहीं करेंगी। यही वजह थी कि रणधीर कपूर ने जब बबिता कपूर से शादी की बात राज कपूर के सामने रखी तो पहले तो वह बिल्कुल तैयार नहीं हुए और जब हुए तो उन्होंने इस शादी के लिए एक ही शर्त रखी कि बबिता को उनके घर की बहू बनने के लिए एक्टिंग करियर छोड़ना पड़ेगा। इसी वजह से बबीता ने अपने करियर को छोड़ रणधीर कपूर से शादी कर बॉलीवुड इंडस्ट्री को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। राज कपूर के छोटे बेटे ऋषि कपूर की शादी भी नीतू कपूर से इसी शर्त पर हुई थी कि वह शादी के बाद अपने फिल्मी करियर को छोड़ परिवार पर ध्यान देंगी और हुआ भी ठीक वैसा ही, नीतू कपूर ने भी शादी के बाद फिल्मों से दूरी बना ली थी।



हांलाकि कपूर परिवार से जुड़े सूत्र बताते हैं कि बबिता के साथ राज कपूर और उनकी पत्नी कृष्णा राज कपूर की कैमिस्ट्री कुछ ज्यादा खास नहीं थी, लेकिन नीतू कपूर के साथ राज कपूर और कृष्णा कपूर दोनों के ही अच्छे रिश्ते रहे हैं और इस बात का जिक्र ऋषि कपूर ने अपनी किताब %खुल्लम-खुल्ला में भी किया था और हाल ही में नीतू कपूर ने भी इस बारे में मीडिया के सवालों के दौरान खुलकर बातचीत की है।

नीतू कपूर राज कपूर से जुड़े सवाल पर कहती हैं कि, %हां मेरा मेरी सासू मां और मेरे ससुर दोनों के साथ ही अच्छे रिश्ते रहे हैं और यह सच है कि राज कपूर ने मुझे बिल्कुल बेटी की तरह ही प्यार दिया है%। नीतू राज कपूर से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए कहती हैं कि, %जब मेरी और ऋषि कपूर की इंगेजमेंट हुई थी तो उस वक्त पार्टी चल रही थी और मैं जानती थी कि राज कपूर को ब्लैक लेबल बहुत पसंद है, लेकिन मैंने उनसे जाकर पूछा कि आप क्या पियेंगे,पेप्सी, कोक या फिर कोई और सॉफ्ट ड्रिंक%। नीतू कपूर ने हंसते हुए अपनी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा कि, %मेरा यह सवाल सुनकर राज कपूर ने बहुत जोर से कहा कि घर मे दूसरी कृष्णा आ गयी है। लेकिन उनके साथ मेरा बड़ा प्यारा बांड और अनोखा रिलेशनशिप रहा है। असल मे अगर आप अपने पति से प्यार करते हैं तो आपको बाकी परिवार और रिश्तों को भी समझना पड़ता है और जब आप उन रिश्तों में फिट हो जाते हो, तब पति से भी ज्यादा बाकी रिश्ते भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जैसे मेरी ननद मेरी बेस्ट फ्रेंड हैं और सासू मां के साथ कमाल की दोस्ती रही है। मैं अपनी शादीशुदा जिंदगी और अपने रिश्तों के मामले में बेहद भाग्यशाली रही हूं%।

## लॉकअप फेम अंजलि अरोड़ा ने तोड़ डाला मुनव्वर फारुखी का रिकॉर्ड !!

लॉकअप फेम एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्ल्युएंसर अंजलि अरोड़ा की फैन फॉलोइंग दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। अंजलि अरोड़ा ने हाल ही में टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर के पहले ओटीटी रियलिटी शो लॉक अप में हिस्सा लिया था। जहां, वो अपने गेम शो की वजह से लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही। कंगना रनौत और एकता कपूर के इस ओटीटी रियलिटी शो में अंजलि अरोड़ा की दोस्ती शो के विनर और स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुखी से भी खूब रही। जिसकी चर्चा उस वक्त जमकर हुई थी। अब शो के बाद मुनव्वर फारुखी अपनी निजी जिंदगी में व्यस्त हैं तो अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर अफने फैंस के बीच खासा चर्चा में है। हाल ही में अदाकारा अंजलि अरोड़ा ने मुनव्वर फारुखी को पीछे छोड़ एक दिलचस्प रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, कुछ ही वक्त पहले अदाकारा अंजलि अरोड़ा इंस्टाग्राम पर लाइव आई थीं। जहां कुछ ही मिनटों में अदाकारा को इंस्टालाइव पर 261 के व्यूज हासिल हुए। इसी के साथ एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा को अभी तक के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले सेलिब्रिटी का खिताब मिल गया है।








पोताई के लिए संपर्क करें
उच्च स्तर के कारीगारों द्वारा पेंट, पॉलिस, पुट्टी निर्धारित समय अवधि में न्यूनतम दरों पर करनें की सुविधा उपलब्ध।
नोट :- सुविधा- सुरगुजा, सूरजपुरस कोरिया जिलों के लिए संपर्क करें - 78692-83557

AADI COMPUTER
CPU,LED Repairing
हमारे यहाँ सभी प्रकार के CPU,MONITOR, LED,PRINTER,CC.TV. CAMERA का रिपेरिंग एवं ट्रोनर का रिफलिंग किया जाता है
Contact:- 8085059097,9340593823
Near Holy Cross Hospital,Mission Chowk, Tiwari Bulding Road,Ambikapur

## संक्षिप्त समाचार



### राजमिस्त्री को जान से मारने की धमकी, तलवार लेकर घुसे थे बदमाश

बिलासपुर, 06 जुलाई 2022। पड़ोसी और उसके साथियों ने राजमिस्त्री के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। साथ ही तलवार लेकर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान राजमिस्त्री अपने ही घर के एक कमरे में छुपा रहा। तोड़फोड़ के बाद हमलावर वहां से निकल गए। इसके बाद उन्होंने सीपत थाने पहुंचकर घटना की शिकायत सीपत थाने में की है। इस पर पुलिस ने तोड़फोड़ और आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीपत के धीवरपारा में रहने वाले बिहारीलाल यादव राजमिस्त्री हैं। मंगलवार की रात वे अपने घर में खाना खा रहे थे। इसी दौरान गांव में रहने वाली प्रमोद वर्मा, सूर्य प्रकाश साहू, अंकू साहू और वासु कश्यप वहां आए। उन्होंने राजमिस्त्री के घर के दरवाजे को ईट पत्थर मारकर तोड़ दिया। इस बीच उन्होंने घर के बाहर लगे बिजली के मीटर को भी उखाड़कर फेंक दिया। दरवाजा तोड़कर प्रमोद और उसके साथी घर के अंदर घुस गए। इस दौरान सूर्यप्रकाश के हाथ में तलवार थी। उनकी हरकतों को देखकर राजमिस्त्री अपने ही घर के एक कमरे में छुप गया। हमलावर राजमिस्त्री को बाहर निकलने के लिए गाली-गलौज कर रहे थे। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग भी वहां पहुंच गए। उनके आने पर हमलावर वहां से भाग निकले। इसके बाद पीड़ित ने सीपत थाना पहुंचकर घटना की शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तोड़फोड़ और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

### रेलवे कर्मी के मकान से सोना-चांदी और कैश की चोरी, जांच में जुटी पुलिस




बिलासपुर, 06 जुलाई 2022। चोरों ने रेलवे कर्मी के सूने मकान का दरवाजा तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रूपये नकद पार कर दिए। रेलकर्मी की बेटी स्कूल से लौटी तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने घटना की शिकायत तोरवा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

तोरवा क्षेत्र के एनई कालोनी में रहने वाली मीना शरद रेलवे कर्मचारी हैं। मंगलवार की सुबह सात बजे वे अपनी ड्यूटी में चली गई थीं। थोड़ी देर बाद ही उनकी बेटी शीतल भी अपने स्कूल चली गई। दोपहर दो बजे रेलकर्मी की बेटी स्कूल से अपने घर आई। इस दौरान उनके दरवाजे का एलवेस्टर शीट टूटा हुआ था। छात्रा ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। इस पर वे अपने आफिस से वापस लौटीं। दरवाजे का ताला खोलकर जब वे अंदर गई तो आलमारी का दरवाजा खुला था। चोरों ने आलमारी का दरवाजा चाबी से खोलकर सोने की फुल्ली, सोने का लाकेट, चांदी के पायल, चांदी के कंगन, चांदी का सिक्का, नकद 40 हजार रूपये पार कर दिए थे। महिला कर्मी ने अपनी शिकायत में बताया कि घर के पीछे से घुसे चोरों ने घटना को अंजाम दिया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय रामाधार कश्यप की थी,अग्रणी भूमिकाःभूपेश

» मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के जीवन संघर्ष पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

» बिलासपुर शहर में लगेगी स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रतिमाः मुख्यमंत्री ने की घोषणा







रायपुर, 6 जुलाई 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायक- रामाधार कश्यप'' का विमोचन किया। उन्होंने स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिलासपुर शहर के किसी प्रमुख चौक पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के अनन्य सहयोगी श्री मन्नूलाल साहू एवं श्री सुशील भोले को आयोजन समिति की ओर से शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायक- रामाधार कश्यप'' पुस्तक का संपादन साहित्यकार श्री डी. डी. महंत ने किया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप जी की अग्रणी भूमिका रही है। वे बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। स्वर्गीय कश्यप जी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के स्वप्नद्रष्टा डॉ. खूबचंद बघेल से काफी प्रभावित थे। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए संचालित आंदोलन में स्वर्गीय श्री कश्यप जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने अन्य लोगों को भी राज्य निर्माण आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय श्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के संरक्षण के महत्व को उजागर किया तथा आम जनता को शोषण और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का उद्घोष किया। स्वर्गीय श्री कश्यप जी ने 1969 में पृथक छतीसगढ़ राज्य निर्माण को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में पर्चा फेंककर कर पूरे देश का ध्यान छत्तीसगढ़ की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि दुर्धर्ष का अर्थ है जिसको परास्त न किया जा सके और स्वर्गीय कश्यप जी ऐसे ही शख्सियत के मालिक थे। श्री कश्यप बहुत ही सहज, सरल और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए उनकी लड़ाई और संघर्ष अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रभा देवी मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल, बिलासपुर सांसद श्री अरुण साव, संसदीय सचिव और तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिलासपुर विधायक श्री शैलेश पाण्डेय, मस्तूरी विधायक श्री कृष्णमूर्ति बांधी, लोरमी विधायक श्री धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चंद्राकर, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेष नितिन त्रिवेदी, बिलासपुर महापौर श्री रामशरण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत,जांच में जुटी पुलिस



महासमुंद, 06 जुलाई 2022। 5 जुलाई की दोपहर करीब 2-38 बजे महासमुंद थाना क्षेत्र के बेलसोण्डा रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात पुरूष की मौत हो गयी. पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है.।

## मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले 2 मुन्ना भाई गिरफ्तार



रायपुर, 06 जुलाई 2022। सागर शर्मा ने थाना डी.डी. नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह टाटा कन्सलटेंसी में ऑपरेशन एक्जिक्यूटिव के पद पर कार्यरत् है। प्रार्थी की कंपनी स्टेट व सेंट्रल गर्वमेंट के साथ प्राइवेट कंपनियो के भर्ती परीक्षा का आयोजन करती है। प्रार्थी की कंपनी द्वारा पार्थिवी प्रोविंस कॉमर्सियल काम्पलेक्स संत रविदास वार्ड में कर्मचारी चयन आयोग स्स्ट मल्टी टास्किंग स्टाफ हवलदार की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें प्रार्थी केन्द्र अध्यक्ष था तथा प्रार्थी के अधिनस्थ 293 छात्र परीक्षा दे रहे थे।

प्रमाणिकरण के दौरान Observer परिक्षित यादव एवं पर्यवेक्षक के द्वारा परिक्षार्थियों को चेक किया जा रहा था, इस दौरान परीक्षार्थी सोनवीर सिंह के फोटोग्राफ आदि का मिलान परीक्षा दे रहें व्यक्ति से किया गया किन्तु फोटो का मिलान नही हो पाया जिसके पश्चात् परीक्षा दे रहे व्यक्ति के हस्ताक्षर से भी परिक्षार्थी सोनवीर सिंह के हस्ताक्षर का मिलान किया गया किन्तु हस्ताक्षर का भी मिलान नही होने पर इसकी सूचना केन्द्र में मौजूद पुलिसकर्मियों को दी गई।

पुलिस कर्मियों द्वारा परीक्षा दे रहें व्यक्ति से पूछताछ की गई जिस पर व्यक्ति द्वारा अपना नाम अश्वनी कुमार निवासी झारखण्ड का बताने के साथ ही परीक्षार्थी सोनवीर सिंह के स्थान पर परीक्षा देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी सोनवीर सिंह एवं अश्वनी कुमार के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर में अपराध क्रमांक 347/22 धारा 420, 468, 471, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी डी.डी. नगर के नेतृत्व में थाना डी.डी.नगर पुलिस टीम द्वारा आरोपी अश्वनी कुमार से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त अपराध को कारित करना स्वीकार किया गया। पूछताछ में आरोपी अश्वनी कुमार द्वारा धोखाधड़ी में सम्मिलित परीक्षार्थी सोनवीर सिंह के केन्द्र के बाहर होने की सूचना पर टीम के सदस्यों द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी सोनवीर सिंह को भी पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1. सोनवीर सिंह पिता मूलचंद उम्र 28 साल निवासी रामपुर मथूरा कोसी उत्तरप्रदेश।
2. अश्वनी कुमार उर्फ नोनू पिता स्व. सुरेश प्रसाद भगत उम्र 25 साल निवासी सोनवा डगाल, थाना डूमका झारखण्ड।

## टाटीबंध से लेकर खरोरा तक कलेक्टर का सघन दौरा



रायपुर, 06 जुलाई 2022। रायपुर जिले के नव नियुक्त कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज सुबह से शाम तक टाटीबंध से लेकर खरोरा तक का सघन दौरा किया और शासन की योजनाओं तथा निर्माण कार्यो की प्रगति देखी। उन्होंने नगरीय निकायों के कार्योलयों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टाटीबंद फ्लाईओवर निर्माण कार्य, बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में विकास योजनाओं की प्रगति, धरसीवां और तिल्दा सी.एस.सी, नगर पंचायत कुंरा और खरोरा, नगर पालका तिल्दा कार्यालय सहित तिल्दा और खरोरा तहसील कार्योलयों का भी आज औचक निरीक्षण किया।

एस.एस.पी प्रशांत अग्रवाल के साथ सुबह सबसे पहले रिमझिम बारिश के बीच कलेक्टर डॉ भुरे ने टाटीबंध पहुंच कर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मौजुद राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और काम करने वाले ठेकेदार से मौके पर ही पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि एक जमीन के टुकड़े के अधिग्रहण संबंधी प्रकरण के कारण फ्लाईओवर निर्माण की गति धीमी हो गई है।

कलेक्टर ने मौके पर मौजूद एस.डी.एम को अगले तीन दिनों में इस प्रकरण को निराकृत करने के निर्देश दिए। डॉ भूरे ने फ्लाईओवर के काम में तेजी लाने के लिए बिजली के खंबे हटाने की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने भिलाई की तरफ से फ्लाईओवर के रेम्प बनाने का काम जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने फ्लाईओवर के काम के साथ-साथ बारिश के मौसम को देखते हुए पानी निकासी की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने फ्लाईओवर बनाने के काम की प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## कार ने मोटर सायकल को मारी ठोकर,शिक्षक घायल



तेन्दूकोना, 06 जुलाई 2022। थाना अंतर्गत ग्राम सम्हर कार ने मोटर सायकल को मारी ठोकर, शिक्षक घायल जिसपर मामला दर्ज किया गया है. गैंदराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम कौंसरा का निवासी है शासकीय पूर्व मा0 शाला लमकेनी में शिक्षक वर्ग-02 के पद पर पदस्थ है, कि 19 जून 2022 को वह अपने पुत्र युगल किशोर ठाकुर के साथ अपनी मोटर सायकल काला रंग का पल्सर क्रमांक छ्त्त-06-त्तक्त 2586 में रायपुर से प्री- बीएसी बी.एड का परीक्षा दिलवाकर वापस अपने गांव ग्राम कौंसरा आ रहे थे. ग्राम सम्हर के सम्हर चौक पास पहुंचे थे कि कोमाखान चौखड़ी की ओर से आ रही एक सफेद रंग की कार के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया । कार द्वारा उसे एक्सीडेंट करने से उसे चोंट पहुंचा और वह बेहोश हो गया। 108 वाहन से उसे सोहम हास्पीटल महासमुंद में भर्ती किये थे. मामले की शिकायत पर पुलिस ने सफेद रंग की कार के चालक के विरूद्ध अपराध धारा 279-IPC, 337-IPC अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### इंजीनियर की कार चोरी मामले में पुलिस का खुलासा,3 गिरफ्तार

बिलासपुर, 06 जुलाई 2022। सरकंडा पुलिस ने इंजीनियर के घर के सामने खड़ी कार चोरी करने वाले नाबालिग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने कार को सीपत क्षेत्र के खार में कार को छुपा दिया था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की कार को जब्त कर न्यायालय में पेश किया है। बालोद जिले के दल्ली राजहरा में रहने वाले सतीश कुमार ठाकुर बिजली विभाग में इंजीनियर हैं। उनकी पोस्टिंग रायगढ़ जिले में है। 28 जून को वे राजकिशोरनगर स्थित अपने भाई मनीष के घर आए थे। चार जुलाई की रात उन्होंने अपनी आइ20 कार को घर के सामने खड़ी कर दिया। इसके बाद वे सोने के लिए चले गए। सुबह जब वे जागे तो उनकी कार गायब थी। उन्होंने जहां पर कार की पार्किंग की थी वहां पर कांच के टुकड़े पड़े थे। पास में ही एक हथौड़ा भी पड़ा था। इंजीनियर ने आसपास में अपने कार की तलाश की। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत सरकंडा थाने में की।

## नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा हैः डॉ. डहरिया



रायपुर 06 जुलाई 2022। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकता के कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। आवागमन की सुविधा के लिए सड़क, शिक्षा व्यवस्था के लिए स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल, शुद्ध पेयजल के लिए टेप नल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के कार्य किए जा रहे है। डॉ. डहरिया ने रायपुर जिले के नगर पालिका आरंग में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बाते कही।

डॉ. डहरिया ने नगर पालिका आरंग क्षेत्र के करीब 28 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 6 करोड़ 43 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पित कार्यों में सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड, नाली, शाला भवन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार बस स्टैण्ड, खेल मैदान, शौचालय निर्माण, सी.सी.रोड, सांस्कृतिक भवन, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने आगे कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जा रहे हैं। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित बाजार भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए आरंग में करीब ढाई करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त नया बुनियादी शाला भवन बनाया गया है। डॉ. डहरिया ने बताया कि इस नव निर्मित स्कूल में 16 कमरे, लायब्रेरी हॉल, साईंस लैब, अहातायुक्त सुरक्षित कैम्पस और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन मिल जाने से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बैहार में करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन बनाया जा रहा है। शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर चंद्राकर, श्री कोमल साहू, विभिन्न समाज के पदाधिकारी, नगरीय निकाय के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## वन अधिकार पत्र धारकों और विशेष रूप से जनजातीय समूह को मिले विभागीय योजनाओं का लाभ

» जिलों के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सीईओ, जनपद पंचायत, एपीओ को निर्देश

» आदिम जाति विभाग और मनरेगा की वर्चुअल संयुक्त बैठक




रायपुर, 06 जुलाई 2022। वन अधिकार पत्र धारकों एवं विशेष रूप से जनजातीय समूह को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मनरेगा के परियोजना अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए। वन अधिकार पत्र अधिनियम, 2006 एवं नियम 2007 (यथा संशोधित नियम 2012) के उचित क्रियान्वयन के संबंध में आज मंत्रालय, महानदी भवन में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वन अधिकार पत्र धारकों को उनके भूमि विकास एवं अन्य विभागीय योजनाओं से अभिसरण करते हुए कार्ययोजना निर्माण एवं कार्य स्वीकृति के संबंध में आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त आदिम जाति विभाग श्रीमती शम्मी आबिदी, आयुक्त मनरेगा श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने बैठक में इस वित्तीय वर्ष में वितरित व्यक्तिगत् वन अधिकार पत्र धारकों को मनरेगा के तहत् लक्ष्य निर्धारित करते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिन 17 जिलों में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह निवासरत हैं और उन्हें वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, उन्हें भी मनरेगा से जोड़ते हुए उनके आजीविका संवर्द्धन पर अभिसरण के माध्यम से कार्य कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके अलावा सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्रामों में भी गठित सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन समिति, इन ग्रामों में गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से सामुदायिक वन संसाधन क्षेत्र पर मनरेगा के तहत स्वीकृत सामुदायिक कार्यों के लिए प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन अधिकार पत्र धारकों को उनके भूमि विकास एवं अन्य विभागीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से आदिम जाति विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग को समन्वित रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) द्वारा एकत्रित सर्वेक्षित आकड़े भी जिलों को उपलब्ध कराए गए हैं। वर्चुअल बैठक में आयुक्त मनरेगा, श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक एवं आयुक्त, आदिम जाति विभाग, श्रीमती शम्मी आबिदी ने भी वन अधिकार अधिनियम के उचित क्रियान्वयन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)